इत्येवं याज्ञवल्क्यस्य ब्राह्मणस्य तु लक्षणम्।

बृहदारण्यकोपनिषद् में- **इतिहासः पुराणं विद्या उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानि।**[2] कहकर अष्टविध ब्राह्मण का प्रतिपादन किया गया है। मीमांसा दर्शन के भाष्य में शबरस्वामी ने-

हेतुर्निर्वचनं निन्दा प्रशंसा संशयो विधिः।
परक्रिया पुराकल्पो व्यवधारणकल्पना।
उपमानं दशैते तु विधयो ब्राह्मणस्य वै॥[3]

कथन द्वारा ब्राह्मणग्रन्थ के दशविध स्वरूपों का प्रतिपादन किया है। कहने का तात्पर्य है कि सर्वप्रथम ब्राह्मणग्रन्थ किसी कार्य का हेतु बताता है। शतपथब्राह्मण के प्रथमाध्याय में समस्त कामनाओं की सिद्धि के निमित्त दर्शपौर्णमासयाग का वर्णन किया गया है। दर्श एवं पौर्णमास इन दोनों यागों में पौर्णमास ही प्रमुख है। इसलिए अग्नि परिग्रह के बाद पौर्णमासयाग से ही अनुष्ठान प्रारम्भ होता है। अमावास्या को दर्श तथा पूर्णिमा को पौर्णमास कहते हैं। ये दोनों मिलकर एक कृत्य माना जाता है। अतः एक का अनुष्ठान करने के बाद दूसरे का अनुष्ठान अनिवार्यतया करना आवश्यक होता है।

पौर्णमास के पूर्वदिन अग्न्यन्वाधान किया जाता है। अतः उस दिन यजमान एवं पत्नी यथाविहित क्षौरकर्म कराकर दैनिक आह्निक कृत्य (सन्ध्या, तर्पण, अग्निहोत्रादि) से निवृत्त होकर कर्म का सङ्कल्प करे। तदुपरान्त भूशुद्धि कर अग्न्यन्वाधान, व्रतोपायन, ऋत्विग्वरणादि (याजमान) कर्म सम्पन्न होने के उपरान्त अध्वर्यु प्रणीताप्रणयन हेतु प्रवृत्त होता है। यहाँ से अध्वर्यु का कार्य आरम्भ होता है। इस प्रणीता-प्रणयन कर्म को ही **अपां प्रणयन** कहते हैं। उक्त कर्म का सहेतुक निरूपण यथाशास्त्र किया जा रहा है।

---

1. कात्यायन तृ.प्र.प.सूत्र।
2. बृहदारण्यकोपनिषद्- 2/4/10
3. मीमांसा सूत्र, शाबरभाष्य- 2/18

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अपां प्रणयन कर्म

प्र उपसर्गपूर्वक **नी** धातु में **अच्** प्रत्यय करने पर **प्रणयः** शब्द बनता है जिसका अर्थ-विवाह, पाणिग्रहण, प्रेम, स्नेह, अनुरक्ति आदि होता है। **प्र+नी+ल्युट्** द्वारा **प्रणयनम्** शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ लाना, ले आना, सञ्चालन करना, पहुँचाना, पालन करना, कार्यान्वयन तथा अनुष्ठान करना आदि होता है। विशेषरूप से लिखना, अक्षरयोजन करना, निर्णयादेश देना आदि अर्थ भी घटित होता है। **प्रणयनं नाम प्रकर्षेण नयनमिति अर्थात् समक्षमुपस्थापनमिति चोच्यते।** अर्थात् जहाँ जल को लाने का कार्य किया जाता है, उसे अपां प्रणयन कर्म कहते हैं। इस विषय में शतपथ श्रुति कहती है- **स वै प्रातरप एव प्रथमेन कर्मणाभिपद्यतेऽपः प्रणयति यज्ञो वा आपो यज्ञमेवैतत्प्रथमेन कर्मणाभिपद्यते ताः प्रणयति यज्ञमेवैतद्वितनोति।।**[1] अध्वर्यु जो प्रातः कालीन कर्म आरम्भ करता है उसमें उसे सबसे पहला काम जल से पड़ता है। इसलिए वह जल को ही सबसे पहले लाता है। जल को जिस पात्र में लाकर रखता है, उसे (प्रकर्षेण नीता आपो यस्यां सा प्रणीता) प्रणीता कहते हैं। यहाँ प्रश्न उठता है कि जल को ही क्यों लाता है? तो उत्तर देते हैं कि **यज्ञो वा आपः** अर्थात् जल यज्ञाङ्ग होने के कारण साक्षात् **यज्ञरूप** है। इस प्रकार सबसे पहले अपां प्रणयन कर्म (जल को प्राप्त करने के कर्म) द्वारा वह यज्ञ को प्राप्त करता है। तात्पर्य यह है कि जल को आगे लाने के द्वारा अध्वर्यु यज्ञ को आगे लाता (विस्तारित करता) है।

अब यज्ञ को विस्तारित करने का उद्देश्य बताने के लिए अपां प्रणयन कर्म की **प्रथम उपपत्ति** प्रस्तुत करते हुए ऋषि याज्ञवल्क्य कहते हैं- **स प्रणयति। कस्त्वा युनक्ति स त्वा युनक्ति कस्मै त्वा युनक्ति तस्मै त्वा युनक्तीत्येताभिरनिरुक्ताभिर्व्याहृतिभिरनिरुक्तो वै प्रजापतिः प्रजापतिर्यज्ञ- स्तत्प्रजापतिमेवैतद् यज्ञं युनक्ति।।**[2] यहाँ यजुर्वेदीय **कस्त्वा युनक्ति** इति प्रश्नोत्तरात्मक मन्त्र (1/6) प्रयुक्त है। इसका तात्पर्य है कि यह सम्पूर्ण यज्ञ परमार्थतः प्रजापति की प्राप्ति के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रजापति अनिरुक्त (रहस्यमय) है। इसी हेतु से रहस्यात्मक सर्वनाम पद **कः तथा तत्** द्वारा मन्त्र में प्रश्नोत्तरात्मक अभिनय प्रस्तुत किया गया है। वह अध्वर्यु प्रणयन करता हुआ अर्थात् प्रणीता में घड़े से जल डालता हुआ मन्त्र पढ़ता है- **कौन तुझको यज्ञ से जोड़ता है? वस्तुतः वह (प्रजापति) ही तुझको जोड़ता है। किस (प्रयोजन) के लिए तुझको जोड़ता है? उस (प्रजापति) के लिए तुझको जोड़ता है।** उक्त मन्त्रांश में कौन, वह, उस आदि सर्वनामपद का प्रयोग अनिरुक्त अर्थात् अत्यन्त रहस्यात्मक ढंग से किया गया है। तैत्तिरीयब्राह्मण में- **को ह वै नाम प्रजापतिः**[1] कहकर **कः** सर्वनाम द्वारा प्रजापति को बतलाया गया है। वह प्रजापति अनिरुक्त (रहस्यमय) है। प्रजापति यज्ञ है। इस प्रकार जल (प्रणयन द्वारा) प्रजापति अर्थात् यज्ञ की योजना करता है।

---

1. श.प.ब्रा.-1/1/1/12
2. श.प.ब्रा.-1/1/1/13
3. तै.ब्रा.- 2/2/10

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

यहाँ यह विचार किया जाता है कि यज्ञ भी प्रजापति है तथा यज्ञ के माध्यम से प्राप्तव्य (साध्य) परमात्मा भी प्रजापति है। फिर प्रजापति के लिए प्रजापति को जोड़ता है यह कहने का तात्पर्य क्या है? तो यह कहा जा सकता है कि आचार्य पाणिनि ने **देवपूजासङ्गतिकरणदानेषु** सूत्र द्वारा यज्ञ पद को सिद्ध किया है। यहाँ उसी सन्दर्भ को स्पष्ट करने के लिए परस्परोपकारक अनेक शक्तियों के सङ्गतिकरण को बताया गया है। यज्ञ यजमान के लिए प्रजापति है और परमेश्वर यज्ञ का प्रजापति है। इस प्रकार लघुप्रजापतिरूप यज्ञ को महान् प्रजापति परमेश्वर के साथ जोड़ता है। तभी यज्ञ का ब्रह्मार्पणत्व[1] सिद्ध हो पाता है। वह परमेश्वर पूर्ण है उससे यज्ञ की सङ्गति कराकर यज्ञ को पूर्णता से युक्त करता है यह अभिप्राय व्यक्त होता है। इस प्रकार अपां प्रणयन कर्म की एक उपपत्ति बतलाकर अब आपः शब्द का अर्थ स्पष्ट करती हुई ब्राह्मणश्रुति **द्वितीय उपपत्ति** प्रस्तुत करती है-

यद्वेवापः प्रणयति। अद्भिर्वाऽइदꣳसर्वमाप्तं तत्प्रथमेनेवैतत्कर्मणा सर्व्वमाप्नोति।[2] अर्थात् यह जो जल का प्रणयन करता है इसका कारण है कि **आपः** का अर्थ ही सब कुछ प्राप्त करानेवाली है। क्योंकि यह समस्त सृष्टि जल से व्याप्त है। जैसा कि ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में कहा गया है- **अप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्।**[3] इस प्रकार अध्वर्यु पहला ही कर्म ऐसा करता है जिससे सब कुछ प्राप्त हो जाता है। वस्तुतः अध्वर्यु को यज्ञ का नेता कहा गया है।[4] जिस प्रकार जंगल का नेता सिंह होता है उसी प्रकार यज्ञ का नेता अध्वर्यु है। सिंह जिस प्रकार शिकार को प्रथम प्रयास में ही स्वाधीन कर लेने के लिए समस्त उपाय पहले सोच लेता है, उसी प्रकार यह अध्वर्यु भी यज्ञ का फल प्राप्त करने के लिए तत्सम्बन्धी समस्त तैयारी पहले कर लेता है। इसी हेतु से वह विश्व की समस्त कामनाओं को धारण करने वाली आपः का सर्वप्रथम प्रणयन करता है ताकि अभीष्ट फल की प्राप्ति में कोई दिक्कत न हो। पुनः यह चिन्तन किया जाता है कि आपः सबकुछ प्राप्त करानेवाली है ऐसा जो कहा गया है इस कथन में सबकुछ का तात्पर्य क्या है? तो ऋषि उत्तर देते हुए अपां प्रणयन कर्म की **तीसरी उपपत्ति** प्रस्तुत करते हैं- **यद्वेवास्यात्र होता वाऽध्वर्युर्वा ब्रह्मा वाऽग्नीध्रो वा स्वयं वा यजमानो नाभ्यापयति तदेवास्यैतेन सर्वमाप्तं भवति।।**[5] अर्थात् इस यज्ञ में जो कुछ भी होता, अध्वर्यु, ब्रह्मा तथा आग्नीध्र प्राप्त नहीं करा सकते, यहाँ तक कि स्वयं यजमान भी अपने आप को जो कुछ प्राप्त नहीं करा सकता वह सब कुछ इस कर्म से प्राप्त हो जाता है। अत एव जल का ही प्रणयन प्रथमतया विहित है। **चतुर्थ उपपत्ति** बताते हुए कहते हैं कि-

---

1. ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्। ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।। गीता- 4/24
2. श.प.ब्रा.- 1/1/1/14
3. ऋग्वेद- 10/129/3
4. 'अध्वर्युरध्वरयुरध्वरं युनक्त्यध्वरस्य नेताऽध्वरं कामयत इति वा' - निरुक्त- 1/8
5. श.प.ब्रा.- 1/1/1/15

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अपां प्रणयन कर्म

प्र उपसर्गपूर्वक **नी** धातु में **अच्** प्रत्यय करने पर **प्रणयः** शब्द बनता है जिसका अर्थ- विवाह, पाणिग्रहण, प्रेम, स्नेह, अनुरक्ति आदि होता है। **प्र+नी+ल्युट्** द्वारा **प्रणयनम्** शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ लाना, ले आना, सञ्चालन करना, पहुँचाना, पालन करना, कार्यान्वयन तथा अनुष्ठान करना आदि होता है। विशेषरूप से लिखना, अक्षरयोजन करना, निर्णयादेश देना आदि अर्थ भी घटित होता है। **प्रणयनं नाम प्रकर्षेण नयनमिति अर्थात् समक्षमुपस्थापनमिति चोच्यते।** अर्थात् जहाँ जल को लाने का कार्य किया जाता है, उसे अपां प्रणयन कर्म कहते हैं। इस विषय में शतपथ श्रुति कहती है- **स वै प्रातरप एव प्रथमेन कर्मणाभिपद्यतेऽपः प्रणयति यज्ञो वा आपो यज्ञमेवैतत्प्रथमेन कर्मणाभिपद्यते ताः प्रणयति यज्ञमेवैतद्वितनोति।।**[1] अध्वर्यु जो प्रातःकालीन कर्म आरम्भ करता है उसमें उसे सबसे पहला काम जल से पड़ता है। इसलिए वह जल को ही सबसे पहले लाता है। जल को जिस पात्र में लाकर रखता है, उसे (प्रकर्षेण नीता आपो यस्यां सा प्रणीता) प्रणीता कहते हैं। यहाँ प्रश्न उठता है कि जल को ही क्यों लाता है? तो उत्तर देते हैं कि **यज्ञो वा आपः** अर्थात् जल यज्ञाङ्ग होने के कारण साक्षात् **यज्ञरूप** है। इस प्रकार सबसे पहले अपां प्रणयन कर्म (जल को प्राप्त करने के कर्म) द्वारा वह यज्ञ को प्राप्त करता है। तात्पर्य यह है कि जल को आगे लाने के द्वारा अध्वर्यु यज्ञ को आगे लाता (विस्तारित करता) है।

अब यज्ञ को विस्तारित करने का उद्देश्य बताने के लिए अपां प्रणयन कर्म की **प्रथम उपपत्ति** प्रस्तुत करते हुए ऋषि याज्ञवल्क्य कहते हैं- **स प्रणयति। कस्त्वा युनक्ति स त्वा युनक्ति कस्मै त्वा युनक्ति तस्मै त्वा युनक्तीत्येताभिरनिरुक्ताभिर्व्याहृतिभिरनिरुक्तो वै प्रजापतिः प्रजापतिर्यज्ञ- स्तत्प्रजापतिमेवैतद् यज्ञं युनक्ति।।**[2] यहाँ यजुर्वेदीय **कस्त्वा युनक्ति** इति प्रश्नोत्तरात्मक मन्त्र (1/6) प्रयुक्त है। इसका तात्पर्य है कि यह सम्पूर्ण यज्ञ परमार्थतः प्रजापति की प्राप्ति के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रजापति अनिरुक्त (रहस्यमय) है। इसी हेतु से रहस्यात्मक सर्वनाम पद **कः तथा तत्** द्वारा मन्त्र में प्रश्नोत्तरात्मक अभिनय प्रस्तुत किया गया है। वह अध्वर्यु प्रणयन करता हुआ अर्थात् प्रणीता में घड़े से जल डालता हुआ मन्त्र पढ़ता है- **कौन तुझको यज्ञ से जोड़ता है? वस्तुतः वह (प्रजापति) ही तुझको जोड़ता है। किस (प्रयोजन) के लिए तुझको जोड़ता है? उस (प्रजापति) के लिए तुझको जोड़ता है।** उक्त मन्त्रांश में कौन, वह, उस आदि सर्वनामपद का प्रयोग अनिरुक्त अर्थात् अत्यन्त रहस्यात्मक ढंग से किया गया है। तैत्तिरीयब्राह्मण में- **को ह वै नाम प्रजापतिः**[1] कहकर **कः** सर्वनाम द्वारा प्रजापति को बतलाया गया है। वह प्रजापति अनिरुक्त (रहस्यमय) है। प्रजापति यज्ञ है। इस प्रकार जल (प्रणयन द्वारा) प्रजापति अर्थात् यज्ञ की योजना करता है।

---

1. श.प.ब्रा.-1/1/1/12
2. श.प.ब्रा.-1/1/1/13
3. तै.ब्रा.- 2/2/10

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

यहाँ यह विचार किया जाता है कि यज्ञ भी प्रजापति है तथा यज्ञ के माध्यम से प्राप्तव्य (साध्य) परमात्मा भी प्रजापति है। फिर प्रजापति के लिए प्रजापति को जोड़ता है यह कहने का तात्पर्य क्या है? तो यह कहा जा सकता है कि आचार्य पाणिनि ने **देवपूजासङ्गतिकरणदानेषु** सूत्र द्वारा यज्ञ पद को सिद्ध किया है। यहाँ उसी सन्दर्भ को स्पष्ट करने के लिए परस्परोपकारक अनेक शक्तियों के सङ्गतिकरण को बताया गया है। यज्ञ यजमान के लिए प्रजापति है और परमेश्वर यज्ञ का प्रजापति है। इस प्रकार लघुप्रजापतिरूप यज्ञ को महान् प्रजापति परमेश्वर के साथ जोड़ता है। तभी यज्ञ का ब्रह्मार्पणत्व[1] सिद्ध हो पाता है। वह परमेश्वर पूर्ण है उससे यज्ञ की सङ्गति कराकर यज्ञ को पूर्णता से युक्त करता है यह अभिप्राय व्यक्त होता है। इस प्रकार अपां प्रणयन कर्म की एक उपपत्ति बतलाकर अब आपः शब्द का अर्थ स्पष्ट करती हुई ब्राह्मणश्रुति **द्वितीय उपपत्ति** प्रस्तुत करती है-

यद्वेवापः प्रणयति। अद्भिर्वाऽइदꣳ सर्वमाप्तं तत्प्रथमेनेवैतत्कर्मणा सर्व्वमाप्नोति।[2] अर्थात् यह जो जल का प्रणयन करता है इसका कारण है कि **आपः** का अर्थ ही सब कुछ प्राप्त करानेवाली है। क्योंकि यह समस्त सृष्टि जल से व्याप्त है। जैसा कि ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में कहा गया है- **अप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्।**[3] इस प्रकार अध्वर्यु पहला ही कर्म ऐसा करता है जिससे सब कुछ प्राप्त हो जाता है। वस्तुतः अध्वर्यु को यज्ञ का नेता कहा गया है।[4] जिस प्रकार जंगल का नेता सिंह होता है उसी प्रकार यज्ञ का नेता अध्वर्यु है। सिंह जिस प्रकार शिकार को प्रथम प्रयास में ही स्वाधीन कर लेने के लिए समस्त उपाय पहले सोच लेता है, उसी प्रकार यह अध्वर्यु भी यज्ञ का फल प्राप्त करने के लिए तत्सम्बन्धी समस्त तैयारी पहले कर लेता है। इसी हेतु से वह विश्व की समस्त कामनाओं को धारण करने वाली आपः का सर्वप्रथम प्रणयन करता है ताकि अभीष्ट फल की प्राप्ति में कोई दिक्कत न हो। पुनः यह चिन्तन किया जाता है कि आपः सबकुछ प्राप्त करानेवाली है ऐसा जो कहा गया है इस कथन में सबकुछ का तात्पर्य क्या है? तो ऋषि उत्तर देते हुए अपां प्रणयन कर्म की **तीसरी उपपत्ति** प्रस्तुत करते हैं- **यद्वेवास्यात्र होता वाऽध्वर्युर्वा ब्रह्मा वाऽग्नीध्रो वा स्वयं वा यजमानो नाभ्यापयति तदेवास्यैतेन सर्वमाप्तं भवति।।**[5] अर्थात् इस यज्ञ में जो कुछ भी होता, अध्वर्यु, ब्रह्मा तथा आग्नीध्र प्राप्त नहीं करा सकते, यहाँ तक कि स्वयं यजमान भी अपने आप को जो कुछ प्राप्त नहीं करा सकता वह सब कुछ इस कर्म से प्राप्त हो जाता है। अत एव जल का ही प्रणयन प्रथमतया विहित है। **चतुर्थ उपपत्ति** बताते हुए कहते हैं कि-

---

1. ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्। ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।। गीता- 4/24
2. श.प.ब्रा.- 1/1/1/14
3. ऋग्वेद- 10/129/3
4. 'अध्वर्युरध्वरयुरध्वरं युनक्त्यध्वरस्य नेताऽध्वरं कामयत इति वा' - निरुक्त- 1/8
5. श.प.ब्रा.- 1/1/1/15

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

यद्वेवापः प्रणयति। देवान् ह वै यज्ञेन यजमानाँस्तानसुररक्षसानि ररक्षुर्न यक्ष्यध्वऽइति तद्यदरक्षरंस्तस्माद्रक्षाश्ठंसि।।[1] अर्थात् यह जो जल का प्रणयन करता है उसका अभिप्राय यह है कि जब-जब देवों ने यज्ञ किया तब-तब उन्हें असुरों ने आकर यज्ञ करने से रोका। असुरों ने देवों को यज्ञ करने से रोकने का काम किया, इसलिए उनका नाम राक्षस पड़ा। तब से वे रक्षस अर्थात् रोकू कहे जाने लगे। यद्यपि असुर शब्द का अर्थ शतपथब्राह्मण में प्राण किया गया है- **प्राणो वाऽअसुः (श.प.ब्रा.-6/6/2/6) रा-दाने** धातु से **असून् प्राणान् ददातीत्यसुरः** इस व्युत्पत्ति से प्राण को देनेवाला असुर कहलाता था। बाद में देवताओं के यज्ञ में बाधा उत्पन्न करने के कारण असुर यज्ञविघातक कहलाने लगे।

ततो देवा एतं वज्रन्ददृशुः। यदपो वज्रो वाऽआपो वज्रो हि वाऽआपस्तस्माद् येनैता यन्ति निम्नङ्कुर्वन्ति यत्रोपतिष्ठन्ते निर्दहन्ति ततऽएतं वज्रमुदयच्छंस्तस्याभयेऽनाष्ट्रे निवाते यज्ञमतन्वत तथो एवैषऽएतं वज्रमुद्यच्छन्ति तस्याभयेऽनाष्ट्रे निवाते यज्ञन्तनुते तस्मादपः प्रणयति।।[2]

जब-जब असुरों ने देवताओं के यज्ञ में विघ्न उत्पन्न किया तब-तब देवताओं ने इस जलरूप वज्र को खोज निकाला। क्योंकि यह जल ही वज्र है यह **ता एता आपो वज्रीभूत्वा**[3] इस श्रुत्यन्तर वाक्य से भी सिद्ध है। वस्तुतः वज्र अग्निस्वरूप होता है **अग्निर्हि रक्षसामपहन्ता।**[4] अर्थात् अग्नि राक्षसों को भगाने एवं मारने में समर्थ है। इसी हेतु को ध्यान में रखकर श्रुतियों में कहीं अग्नि से जल[5] की उत्पत्ति तो कहीं जल से अग्नि[6] की उत्पत्ति तथा कहीं अग्नि को जल का नाती[7] कहा गया है। तात्पर्य यह है कि शत्रु की सेना के मर्मस्थान का भेदन करने तथा पर्वतादियों को तोड़ने फोड़ने का काम अग्नि ही कर सकता है। इस प्रकार जब जल में अग्नितत्त्व की अधिकता होती है तो वह वज्ररूप हो जाता है। वह वज्ररूप जल जिस मार्ग से जाता है, उस मार्ग को गहरा कर देता है तथा जहाँ रुक जाता है वहाँ के ओषधि वनस्पतियों को जलाकर राख बना देता है, अर्थात् भस्मसात् कर देता है। वस्तुतः जल में ये दोनों धर्म विद्यमान हैं इसलिए जल को वज्र कहा गया है। यहाँ जल सर्वशक्तिसम्पन्नतंत्त्व के रूप में प्रतिष्ठापित किया गया है। क्योंकि जल में समस्त देवों

---

1. श.प.ब्रा.- 1/1/1/16
2. श.प.ब्रा.- 1/1/1/17
3. तै.ब्रा.- 1/7/1/6/7
4. श.प.ब्रा.- 1/1/1/9
5. अग्नेरापः तै.उप.- 2/1/2
6. आपो ह यद् बृहतीर्विश्वमायन् गर्भ दधाना जनयन्तीरग्निम् शु.य.सं.- 27/25 तथा त्वामग्ने पुष्करादधि अथर्वा निरमन्थत शु.य.सं.-11/32
7. अपां नपाद् यो वसुभिः सह प्रियः ऋग्वेद-1/143/1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

का वास है। अत एव **आपो रेवतीः**[1] तथा **आपः सर्वा देवताः**[2] ऐसा भी कहा गया है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि जल में समस्त देवताओं की शक्ति व्याप्त है जिस कारण सर्वशक्तिसम्पन्नता का होना भी स्वाभाविक ही है। अत एव देवताओं ने यज्ञविघातक असुरों के विनाशार्थ इसी वज्र को उठाया। देवताओं के द्वारा वज्र उठाते ही असुर वहाँ से भाग खड़े हुए। इस प्रकार वज्र के प्रभाव से निर्भय, निरुपद्रव, शान्त वातावरण में देवताओं ने यज्ञ का वितान (विस्तार) कर लिया। अर्थात् देवताओं ने सबसे पहले अपां प्रणयन करके उसके प्रभाव से यज्ञ को बिना किसी विघ्न-बाधा के पूरा कर लिया। देवताओं के द्वारा इस प्रकार कर्म किये जाने के कारण ही मनुष्यों द्वारा अनुष्ठित यज्ञ में भी यजमान द्वारा अब्रूप वज्र उठाये जाने का विधान प्राप्त है **यद्वै देवा अकुर्वस्तत् करवाणि** इस मर्यादा की रक्षा के लिए। इन्हीं उपर्युक्त प्रयोजनों के लिए अध्वर्यु **अपां प्रणयन** करता है।

प्रस्तुत व्याख्यान द्वारा अपां प्रणयन क्यों करना चाहिए? किस मन्त्र से करना चाहिए? इत्यादि विषयों की उपपत्ति बतला दी गई। अब किस प्रकार से प्रणयन करना चाहिए? किस स्थान पर प्रणयन करना चाहिए? एवं उस प्रणीतापात्र को किस स्थान पर रखना चाहिए? इत्यादि प्रश्नों के समाधानार्थ **अपां सादन** कर्म का वर्णन करते हैं-

ता उत्सिच्योत्तरेण गार्हपत्यꣳसादयति योषा वाऽआपो वृषाग्निर्गृहा वै गार्हपत्यस्तद् गृहेष्वेवैतन्मिथुनम्प्रजननं क्रियते वज्रं वाऽएषऽउद्यच्छति योऽपः प्रणयति यो वाऽअप्रतिष्ठितो वज्रमुद्यच्छति नैनꣳशक्नोत्युद्यन्तुꣳसꣳहैनꣳ शृणाति॥[3]

अध्वर्यु वायें हाथ में उदपात्र लेता है, उसमें से जल को दायें हाथ में लिये हुए काष्ठनिर्मित एक चमसाकृति पात्र में डालकर गार्हपत्याग्नि के उत्तरभाग में रख देता है, तदनन्तर **भूतस्त्वा भूत करिष्यामि**[4] यह मन्त्र पढ़ता हुआ उस पात्र का स्पर्श करता है। जल स्त्री है, अग्नि पुरुष है। गार्हपत्य घर है। अत एव आहवनीय के समीप जाने से पहले योषा (स्त्री) रूप जल को गार्हपत्यरूप गृहप्रतिष्ठा में प्रतिष्ठित करता हुआ अध्वर्यु सृष्टि हेतु स्त्री-पुरुष (जोड़ा) को प्रतिष्ठापित करता है। चूँकि स्त्रीपुरुष दोनों के संयोग से ही सृष्टि संभव है। और वह सृष्टिकार्य घर के अन्दर होता है, इसलिए घर में ही प्रतिष्ठित करता है। नीतिविदों ने भी **न गृहं गृहमित्याहुर्गृहिणी गृहमुच्यते**[5] कहा है। इस कथन के द्वारा वैदिक मनीषियों ने यह सन्देश दिया है कि कोई भी मनुष्य विवाह करने

1. ऋग्वेद- 10/30/12
2. नारायणोपनिषद्- 29
3. श.प.ब्रा.- 1/1/1/18
4. का.श्रौ.सू.-2/2/1
5. पञ्चतन्त्र- 4/81

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

से पहले पत्नी को सुरक्षित रखने हेतु एक घर अवश्य बना ले। क्योंकि गृह आधार है और आधारहीन व्यक्ति सदा दु:खी रहता है। जिस प्रकार कोई आदमी किसी भारी पदार्थ को दूर फेंकना चाहता है तो उसे पहले अपने-आपको टिकाने का भी यत्न कर लेना चाहिए, नहीं तो फेंकने का धक्का उसी पर पलट पड़ता है। इसीलिए तोप आदि चलाने के लिए विशेष प्रकार का स्थान बनाना पड़ता है। अत एव शतपथकार कहते हैं कि विवाह करना ऐसा ही है जैसा कि तोप बन्दूक आदि चलाने का यत्न करना। जो आदमी सुखप्रद घर बनाये बिना पत्नी को घर में ले आता है, उसके निवास का उचित प्रबन्ध नहीं करता, तो यह पत्नीरूप वज्र उसका उसी प्रकार नाश कर देता है जैसे जल कच्चे पात्र को नष्ट कर देता है तथा तोप आदि प्रक्षेपास्त्र बिना टेक के फेंकनेवाले को। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि **परिणय** विवाह से पूर्व **प्रणय** और **प्रतिष्ठा** आवश्यक है। लोक में स्त्री को शक्ति नाम से पुकारा जाता है। इस प्रकार जल शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। इसी हेतु से जल को गार्हपत्य के उत्तर में रख देता है। यहाँ प्रणय का अर्थ केवल प्रेम नहीं अपितु सुशिक्षा भी है, यह व्यञ्जना है यहाँ। स्त्रीजाति मात्र प्रणीता अर्थात् सुशिक्षिता होनी चाहिए, फिर परिणीता अर्थात् प्रणयवती भी होनी चाहिए, और उसका अधिकार है कि वह उत्तम घर में रहे। जो समाज इसका प्रबन्ध नहीं करता उसे यह सुकुमार वज्र **(आप:) संश्रृणाति** नष्ट कर देता है। यद्यपि जल अत्यन्त सुकुमार है किन्तु जितना ही सुकुमार है उतना ही कठोर भी है। इसका निदर्शन उत्तररामचरितम् में मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामजी के सन्दर्भ में महाकवि भवभूति ने इस प्रकार प्रस्तुत किया है-

> **वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।**
> **लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हति॥**[1]

जिस प्रकार श्रीरामजी का हृदय वज्र से भी कठोरतम और पुष्प से कोमलतर कहा गया है उसी प्रकार स्त्री भी कोमलतर उवं कठोरतम भी होती है। अत: जो पुरुष इस नियम का भंग करता है उसको भी यह नष्ट कर देता है।

अपां सादनोपपत्ति

अब गार्हपत्याग्नि के पास जल को रखने **(अपां सादनोपपत्ति)** का हेतु बताते हैं। आहवनीय के समीप प्रणीतापात्र को रख देने का नाम ही अपांसादन है। इस जल को पहले गार्हपत्य के पास रखते हैं तदुपरान्त आहवनीय के पास। गार्हपत्य योषा का पितृगृह तथा आहवनीय पतिगृह कहा गया है। योषा एवं वृषा ये दोनों शब्द अत्यन्त पारिभाषिक हैं। स्त्रीप्राण के लिए योषा तथा पुरुष प्राण के लिए वृषा का प्रयोग है।

---

1. उत्तररामचरितम्- 2/7

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

स यद् गार्हपत्ये सादयति। गृहा वा गार्हपत्यो गृहा वै प्रतिष्ठा तद् गृहेष्वेवैतत्प्रतिष्ठायां प्रतितिष्ठति तथो हैनमेष वज्रो न हिनस्ति तस्माद् गार्हपत्ये सादयति।।[1] अर्थात् वह जो जल को गार्हपत्य के उत्तर में रखता है इसका तात्पर्य है कि गार्हपत्य घर का प्रतिनिधि है, सो वस्तुतः **आपः** को घर में प्रतिष्ठा (प्रति+स्था) अर्थात् टिकने के स्थान में प्रतिष्ठित करता है। इस प्रकार उसको यह वज्र हानि नहीं पहुँचाता। इसलिए वह जल को गार्हपत्यदेश में रखता है।

उसके बाद अध्वर्यु उन जलों को आहवनीयाग्नि के उत्तर में ले जाकर रखता है, इसकी उपपत्ति बताते हुए ऋषि कहते हैं-

ताऽउत्तरेणाहवनीयम्प्रणयति। योषा वाऽआपो वृषाऽग्निर्मिथुनमेवैतत्प्रजननं क्रियतऽएवमिव हि मिथुनं क्लृप्तमुत्तरतो हि स्त्री पुमाꣳसमुपशेते।।[2]

चमस में रखे हुए उन जलों को अध्वर्यु आहवनीय के उत्तर में ले जाकर प्रतिष्ठित करता है। इसका कारण यह है कि जल (योषा) स्त्री है, एवं आहवनीय (वृषा) पुरुष है। इस प्रकार आहवनीयाग्निरूप वृषा की ओर योषारूप पानी को ले जाता हुआ अध्वर्यु दोनों के मिथुनभाव से यज्ञात्मा का प्रजनन करता है। क्योंकि मिथुन इसी नियम के अनुसार सम्पन्न होता है। स्त्री पुरुष के उत्तरभाग (वायें भाग) में ही सोती है। उत्तर का अर्थ बायाँ भी है। यहाँ योषारूप पानी स्त्री है, वृषारूप अग्नि पुरुष है। प्राकृतिक मिथुनभाव स्त्री के उत्तरशयन पर अवलम्बित है। अतएव यहाँ भी स्त्रीरूप पानी को पुरुषरूप आहवनीय के उत्तरभाग में ही प्रतिष्ठित करना आवश्यक है, यही तात्पर्य है। इस प्रकार अपां सादन हुआ इसके बाद कुछ विशेष नियम बताया जा रहा है-

ता नान्तरेण सञ्चरेयुः। नेन्मिथुनञ्चर्यमाणमन्तरेण सञ्चरानिति ता नातिहृत्य सादयेन्नो-ऽनाप्ताः सादयेत्स यदतिहृत्य सादयेदस्ति वा ऽअग्नेश्चापाञ्च विभ्रातृव्यमिव स यथेव ह तदग्नेर्भवति यत्रास्यापऽउपस्पृशन्त्यग्नौ हाधि भ्रातृव्यं व्वर्द्धयेद्यदतिहृत्य सादयेद्यद्युऽनाप्ताः सादयेन्नो हाभिस्तङ्कामभ्यापयेद्यस्मै कामाय प्रणीयन्ते तस्मादु सम्प्रत्येवोत्तरेणाहवनीयम्प्रणयति।।[3]

ऋषि कहते हैं कि जल और अग्नि के बीच से होकर आवागमन न करे, क्योंकि स्त्रीपुरुष के जोड़े (दम्पती) के सम्बन्धों में किसी दूसरे का हस्तक्षेप जहाँ तक न हो तो अच्छा है। इसलिए जहाँ स्त्रीपुरुष परस्पर प्रेमालापादि कर रहे हों वहाँ जाना सभ्यता के विरुद्ध माना गया है। इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि यत्र-तत्र खुले स्थानों में निर्भयता पूर्वक जोड़े प्रेमालाप करने लगें और वहाँ उपस्थित लोग कोई बाधा न करें। इस सम्बन्ध में **गृहा वै प्रतिष्ठा** यह पहले कह दिया

---

1. श.प.ब्रा.- 1/1/1/19
2. श.प.ब्रा.- 1/1/1/20
3. श.प.ब्रा.- 1/1/1/21

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

गया है। अर्थात् स्त्रीपुरुष के जोड़े प्रेमालापादि केवल घर के अन्दर ही करें, यत्र-तत्र नहीं। नीतिशास्त्र में भी स्त्रीपुरुष प्रसङ्ग को अत्यन्त गोपनीय कहा है-

आयुर्वित्तं गृहच्छिद्रं मन्त्रमैथुनभेषजम्।
तपो दानापमानञ्च नव गोप्यानि यत्नत:।।[1]

अत: स्वगृह में अवस्थित मिथुनभाव करते हुए उन दोनों के बीच जाकर दोनों की विद्युत् के विच्छेदक बनते हुए हम उस यज्ञपुरुष को उत्पन्न करनेवाली प्रजननक्रिया के बाधक न बन जाँय, इसलिए दोनों के बीच में से किसी को नहीं निकलना चाहिये। अब यह प्रश्न होता है कि जल को आहवनीय के उत्तर किस नियत स्थान में रखना चाहिए? इसका निर्णय देते हुए याज्ञवल्क्य कहते हैं कि- **नातिहृत्य सादयेत्** अर्थात् अध्वर्यु को चाहिए कि, वह उन जलों को न आहवनीय के बिल्कुल समीप लाकर रक्खे और न ही सर्वथा दूर रक्खे। यदि बिल्कुल समीप रख देगा, तो यह स्मरण रखना चाहिए कि जल और अग्नि का परस्पर शत्रुभाव सा है, जो जगत्प्रसिद्ध है। ऐसा करके वह इन दोनों के मध्य की शत्रुता को ही बढ़ायेगा। तात्पर्य यह है कि समीप रखने से जल अग्नि को बुझा सकता है, तथा अग्नि जल को जला सकता है। यदि दोनों (बुझाने और जलाने) में से कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त होगी तो यजमान का हित कथमपि नहीं होगा। यदि अतिदूर रखता है तो पुन: समस्या आयेगी कि दोनों के प्राणों का सम्बन्ध ही न होगा, फलत: जिस कामना की पूर्ति के लिए अपांप्रणयन किया जा रहा है उस कामना की पूर्ति ही नहीं होगी। इसलिए जल का प्रणयन आहवनीय के उत्तर सम्प्रति (न सर्वथा समीप, न सर्वथा दूर) करना चाहिए।

1. हितोपदेश, मित्रलाभ- श्लोक 131

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ISSN - 0974-8946 शोधप्रभा
अप्रैल-जून, 2017 वर्ष: 42, द्वितीयाङ्कः

मानवाधिकारशिक्षा प्राचीन तथा आधुनिक सन्दर्भ में

प्रो. रचना वर्मा मोहन* एवं श्रीमती रेखा चौधरी**

मानव जीवन में शिक्षा की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण है। जन्म से बालक पशुवत् आचरण करता है। उसके व्यवहार में सौन्दर्य लाने का कार्य शिक्षा करती है। शिक्षा के द्वारा ही समाज अपनी संस्कृति की रक्षा करता है और सभ्यता के रथ को आगे बढ़ाता है। बालक की वैयक्तिक प्रगति, उसका शारीरिक, मानसिक और भावात्मक विकास शिक्षा के द्वारा ही सम्भव है। कोई भी राष्ट्र तब ही उन्नति कर सकता है जब उस राष्ट्र के सभी नागरिकों को विकास के सर्वोत्तम अवसर मिले तथा वे उनका लाभ उठाने में समर्थ हों। वस्तुतः मानव जाति के विकास का आधार शिक्षा-प्रणाली ही है।

मानवाधिकार शब्द से तात्पर्य मानव के उन अधिकारों से है जो सभी मनुष्यों को जन्म के साथ ही प्राप्त होते हैं चाहे उनका मूल वंश, धर्म, लिंग तथा राष्ट्रीयता कुछ भी हो। मानव अधिकारों का जन्म पृथ्वी पर मनुष्य के विकास के साथ ही हुआ, क्योंकि इन अधिकारों के बिना वह न तो गरिमा के साथ जीवन-यापन कर सकता था और न सभ्यता और संस्कृति का विकास कर सकता था।

बीसवीं शताब्दी के अन्तिम कुछ दशकों तथा इक्कीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में मानवाधिकार एक चर्चित विषय रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व स्थानीय मंचों पर इस शब्द की गूँज स्पष्ट सुनाई देती रही है तथा शिक्षा समाज विज्ञान व मानविकी का सम्भवतः कोई क्षेत्र ऐसा नहीं होगा जिसमें इस प्रकरण की पर्याप्त चर्चा न हुई हो। शिक्षा का क्षेत्र भी मानवाधिकार की चर्चा से वंचित नहीं रहा है। जिससे मानवाधिकार शिक्षा जैसा नूतन प्रकरण शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्थापित हो गया है। मानवाधिकार उन मूलभूत प्राकृतिक व सार्वभौमिक अधिकारों तथा स्वतन्त्रताओं को इंगित करती है जिनके सभी मानव हकदार हैं वहीं मानवाधिकार शिक्षा बृहद् शिक्षा व्यवस्था के उस पक्ष का निरूपण है जो सभी नागरिकों को मानवाधिकारों के प्रति सजग बनाकर उनका उपभोग करके अपने मानव जीवन को श्रेष्ठतम बनाने की ओर प्रवृत्त करता है।

मानवाधिकार शिक्षा प्राचीन सन्दर्भ में

भारत के सुदूर अतीत में जिस शिक्षा प्रणाली का आविर्भाव हुआ था, उसे हम वैदिक कालीन शिक्षा (Vedic Education) के नाम से जानते हैं। प्राचीन शिक्षा प्रणाली के मूलाधार वेद

* प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16
** शोधच्छात्रा, शिक्षाशास्त्र विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

जैसे- ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद है। वैदिक काल में शिक्षा का स्वरूप अत्यन्त सुव्यवस्थित और सुनियोजित था जिसमें व्यक्ति के उत्थान के लिए, विभिन्न प्रकार की शिक्षा व्यवस्थाएँ प्रदान की जाती थीं। मनुष्य और समाज का आध्यात्मिक और बौद्धिक उत्कर्ष शिक्षा के माध्यम से सम्भव माना जाता था। परन्तु उस समय की शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्ति का अपना विकास करना नहीं था अपितु सम्पूर्ण मनुष्य जाति का विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य था। इस प्रकार प्राचीन समय की शिक्षा प्रणाली की व्यवस्था इस प्रकार से की गई थी कि उसके द्वारा छात्र अपने व्यक्तित्व का सर्वाङ्गीण विकास तो कर ही सके साथ ही साथ उसमें परोपकार की भावना, दूसरों के अधिकारों की रक्षा की भावना तथा अपने कर्त्तव्य के पालन करने की भावना का विकास हो सके। इस प्रकार भारत में मानवाधिकारों की अवधारणा वैदिक काल से है। भारत की प्राचीन कालीन शिक्षा का मूल तत्व है कि मानव दूसरे मानव हित को समझें अर्थात् अपने स्वार्थ का परित्याग कर दूसरे का हित समझे। इसी मानव कल्याण की भावना को शास्त्रों में धर्म कहा गया। धर्म शब्द 'धृ' धातु से निकला है। जिसका अर्थ धारण करना है। जो संसार के सभी जीवों के कल्याण का कारण हो वह धर्म है। धर्म के अन्तर्गत कर्त्तव्य शब्द भी निहित है। इस प्रकार वेदों में वर्णित धर्म शब्द स्वयं ही मानवाधिकार की पूर्ण व्याख्या करता है। प्राचीन शास्त्रों में मात्र धर्म की ही बात नहीं है, वरन् मानवाधिकारों की बात वेदों में है। वैदिक काल में मानव अधिकारों की अवधारणा इस प्रकार रही है जिसका वर्णन ''अधिकारपञ्चशतनिका'' में आता है-

वरणे स्वेष्वमार्गस्य स्वधर्मपालने तथा।
अभिसन्धिं विहायैव स्वतन्त्राः सर्वमानवाः॥[1]

अर्थात् समस्त मानवों को अपना आध्यात्मिक मार्ग चुनने का अधिकार है। वे अपने धर्म का अनुसरण करने हेतु स्वतन्त्र है। सभी धर्मों का मूल ज्ञान है अतः समस्त मानवों को ज्ञान प्राप्ति का अधिकार है एवं समस्त मानव, संसार के अन्य धर्मों में मानव होने के नाते भाग ले सकते है।

स्वप्राणरक्षणे चैव स्वस्वत्वरक्षणे तथा।
तदर्थं सम्यगाजीवे सर्वे स्युरधिकारिणः॥[2]

समस्त मानवों को जीवन, सम्पत्ति एवं रहन-सहन के स्तर का अधिकार है कल्याण के लिए स्वयं सरकार बनाने एवं कल्याणकारी द्वारा समग्र के कल्याण कार्यों के सम्पादन का अधिकार है।

इस प्रकार भारत में प्राचीनकाल से मानव धर्म मानव अधिकारों का वर्णन ही नहीं, उसका शासन प्रणाली और सामाजिक जीवन में आज तक उपयोग होता आ रहा है।

---

1. अधिकारपञ्चशतिका
2. अधिकारपञ्चशतिका

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इसी प्रकार मनु द्वारा मनुस्मृति में वर्णित धर्म के दस लक्षणों में मानवाधिकार की भावना निहित है-

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।[1]

अर्थात् धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध ये धर्म के दस लक्षण हैं। यहाँ धृति का अर्थ सहनशीलता है। क्षमा से तात्पर्य अपना अपकार करने वाले से बदला लेने की पूर्ण सामर्थ्य रखते हुए भी बदला न लेकर उसके अपकारों को प्रसन्नता के साथ सहन करना है। मन को वश में करना दम का अर्थ है। दूसरे शब्दों में आसक्ति, लालसा आदि का दमन करना ही दम है और जब मनुष्य अपने मन को वश में कर लेता है तो स्वयं ही दूसरों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा अपने कर्त्तव्यों का पालन करता है। दूसरे के अधिकारों को ग्रहण करने से बचना अस्तेय कहलाता है । शौच से तात्पर्य मन, तन, बुद्धि, आहार, अन्तकरण और आत्मा की शुद्धि ही शौच है। असमाजिक कृत्यों के प्रति आसक्त न होना इन्द्रिय निग्रह है। धी अर्थात् सात्त्विक बुद्धि को अपनाने से है। मानव धर्म का आठवां लक्षण विद्या सदाचार में श्रद्धा उत्पन्न करता है। जो सारे विश्व में भ्रातृत्व की भावना जगाती है। जिसमें कोई किसी का वैरी न हो यही मानव धर्म है- मानवीयता है और मानव का अधिकार है। धर्म का नवाँ लक्षण सत्य है। मानव धर्म का दसवां लक्षण अक्रोध है। भगवान् मनु द्वारा वर्णित धर्म के इन दस लक्षणों का जब शिक्षण छात्रों को कराया जाता था तो मानवाधिकारशिक्षण स्वतः हो जाता था क्योंकि इसमें मानवाधिकाररक्षण की भावना निहित है। इसी प्रकार –

सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्माप्रमदः। सत्यान्नप्रमदितव्यम्। मातृदेवो भव। पितृदेवो भव। आचार्यदेवो भव। अतिथिदेवो भव। श्रद्धया देयम्।[2]

अर्थात् सत्य बोलना चाहिए। धर्म के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए स्व- अध्ययन करना चाहिए। माता पिता हमारे गुरु हमारे लिए देवता के समान है। अतिथि हमारे लिए देव तुल्य है, उनका सम्मान करना चाहिए। स्पष्ट है कि उपर्युक्त मन्त्र में मानवाधिकार की भावना परिलक्षित होती है।

सर्वं खल्विदं ब्रह्म।[3]

इस मन्त्र में संसार के सभी मनुष्यों में ब्रह्म के प्रतिबिम्ब को देखने की बात कही गई है।

---

1. मनु. 6.12
2. तै.उ. 1.11.1-3
3. छा.उ. 2.23.3

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।[1]

सभी प्राणी सुखी हो, सभी निरोग हो, सभी कल्याण देखें अर्थात् सबका कल्याण हो कोई भी प्राणी दुखभागी न हो अर्थात् किसी को दुःख न मिले।

यहां पर संसार के सभी मनुष्यों के कल्याण सुख की संकल्पना की गई है जोकि मानवाधिकार रक्षा की भावना से युक्त है।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः।[2]

इस स्मृति-वाक्य द्वारा आचार्य मनु ने अनद्यतन काल से नारी के महत्व और वैशिष्ट्य की चर्चा की है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हमारे सारे वेद, उपनिषद, स्मृतियों में जो मन्त्र, श्लोक, श्रुतिवाक्यों का वर्णन है उन सबमें मानवाधिकार की भावना निहित है, उल्लेखनीय है कि प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली में प्राचीन ऋषि, मुनि छात्रों को वेदों उपनिषयों में वर्णित तथा मानवाधिकार की भावना से युक्त इन श्लोकों मन्त्रों आदि का शिक्षण करते थे क्योंकि उस समय की शिक्षा का मूल विषय वेद ही था। इस प्रकार वेदों के इन मन्त्रों के शिक्षण से मानवाधिकार का शिक्षण स्वतः ही हो जाता था। इस प्रकार हम कह सकते है कि वैदिक शिक्षा प्रणाली में मानवाधिकार शिक्षा का संप्रत्यय निहित था तथा शिक्षण में मानवाधिकार शिक्षा निहित थी।

वैदिक काल के अतिरिक्त बौद्ध तथा जैन काल की शिक्षण व्यवस्था भी मानव अधिकारों तथा हितों की रक्षा की भावना युक्त थी। बौद्ध धर्म में छात्रों को मठों में चार आर्य-सत्य-दुःख, दुःख समुदय दुःख निरोध एवं दुख निरोधमार्ग की शिक्षा दी जाती थी। छात्रों को अष्टांगिक मार्ग का शिक्षण दिया जाता था। जिसके अन्तर्गत सम्यक् दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वाक्, सम्यक् कर्मान्त सम्यक् आजीव, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् स्मृति तथा सम्यक् समाधि आती है। इस आर्य मार्ग के आठ अंगों के शिक्षण से छात्रों में मानवीय गुणों का विकास होता था। वे अपना शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ साथ दूसरों की हितों की रक्षा करते थे। अपने कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित होते थे।

जैन दर्शन में छात्रों के चरित्र के निर्माण के लिए पंचव्रत का पालन करना आवश्यक माना जाता था- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इसके अतिरिक्त जैन दर्शन में चार कषाय उपकल्पित है जिनसे छात्रों को बचने का उपदेश दिया जाता था। ये हैं- क्रोध, माया, मान और लोभ। ये कषाय मनुष्य को बुराई की ओर ले जाने वाले है, अतः मनुष्य को इनसे बचकर रहना चाहिए।

---

1. अथर्ववेद
2. मनु.स्मृ. 3.56

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इस प्रकार जैन दर्शन की शिक्षा पद्धति परोपकार तथा सदाचार पर बल देती है। जैन दर्शन की शिक्षा प्रणाली में भी मानव के अधिकारों की भावना निहित थी। छात्रों को जो शिक्षा दी जाती थी उनमें अपने विकास के साथ साथ दूसरों के हितों की रक्षा करना, परोपकार करना आदि गुणों का छात्रों में विकास करना भी अपेक्षित था।

इस प्रकार हम देखते है कि हमारी सम्पूर्ण प्राचीन शिक्षा प्रणाली चाहे वह वैदिक हो, बौद्ध हो, जैन हो या इसके अतिरिक्त कोई भी धर्म या सम्प्रदाय हो सभी शिक्षा प्रणालियों का आधार छात्रों में मानवाधिकार की भावना का विकास करना ही था। अत: हम कह सकते हैं कि प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति मानवाधिकार की अवधारणा पर आधारित थी। उस समय की शिक्षा छात्रों में आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ अच्छा आचरण, निष्ठा, कर्तव्य पालन, पवित्रता, सामाजिक कुशलता का विकास करना, संस्कृति का संरक्षण तथा प्रसार करना आदि गुणों का विकास करने में सक्षम थी जिससे छात्र समाज में दूसरों के हितों के लिए कार्य करते थे। अपने कर्तव्यों का पालन करते थे तथा आगे चलकर समाज के अच्छे नागरिक बनकर उसके विकास में अपना योगदान देते थे।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवाभागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते।।[1]

इस श्लोक का भाव मानवाधिकार के सन्दर्भ में कितना उत्तम है अर्थात् गुरु अपने शिष्य को उपदेश देता है कि हम सब मिलकर ज्ञानार्जन करें, साथ साथ बोलें अर्थात् ऐसी वाणी बोले जिसमें आपसी मेल मिलाप की भावना का विकास हो। एक दूसरे की भावना को समझें। ऋषि मुनि लोग मिलकर ज्ञान अर्जित करते थे और ईश्वर की उपासना करते थे।

इसके अनन्तर बहुत सारे सूक्ति वाक्य हमारे वेद एवं उपनिषदों में भरे पड़े हैं जिसमें 'सत्यमेव जयते'[2] 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म।'[3]

उपरोक्त इन वाक्यों से स्पष्ट होता है कि प्राचीन काल में मानवाधिकार शिक्षा कितनी व्यवस्थित थी जो अपने आप अनुशासित होकर प्रशासित करती थी और सभी लोग अपने कर्तव्यों का पालन वर्णाश्रम अनुसार स्वत: किया करते थे।

मानवाधिकार शिक्षा आधुनिक सन्दर्भ में

कालान्तर में धर्म के स्वरूप में मनुष्य की सुविधानुसार विकृति आती गई। विदेशी आक्रमणों से भारत की शान्ति भंग होने लगी और धर्म की प्राचीन अवधारणा में परिवर्तन होने लगा। भारत के प्राचीन मानवधर्म के मूल्यों में परिवर्तन आया और हिन्दू धर्म सर्व व्यापक संस्कृति स्वरूप से संकुचित हो सम्प्रदाय बन गया। इससे मानव मूल्यों का हनन हुआ। प्रभुत्व के लिए संसार भर

1. ऋ.वे. 10.191.2
2. मुण्डको. 3.1.6
3. तैत्तिरी. 2.1.1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

में युद्ध की विभीषिका मंडराने लगी। 19वीं शताब्दी में आर्थिक विकास से मानवता असुरक्षित हो गई। फिर 20वीं शताब्दी ने दो विश्व युद्ध सन् 1914-18 तक व 1939 से 1945 तक देखे। प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध में हुई हानि को देखकर विश्व के नेताओं ने 24 अक्टूबर 1945 में संयुक्त राष्ट्रसंघ का गठन किया। 1946 में मानवाधिकारों के प्रारूप की रचना के लिए मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। आयोग द्वारा मानवाधिकार पर विश्वव्यापी घोषणा तैयार की गयी जिसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। मानवाधिकारों के इस सार्वभौमिक घोषणा पत्र में 30 अनुच्छेद हैं जिसे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक वर्गों में विभक्त किया गया है।

मानवाधिकार की विश्वव्यापी घोषणा के पश्चात् पूरे विश्व में प्रजातन्त्र की भावना का उदय हुआ। जनता की, जनता के लिए व जनता द्वारा सरकार की धारा चल पड़ी। एक के बाद एक राष्ट्र स्वतन्त्र हो गये। शासन तन्त्र संविधान द्वारा संचालित होने लगे। इसी प्रजातान्त्रिक आन्दोलन युग में भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतन्त्र हुआ और 26 जनवरी 1950 से उसका अपना संविधान लागू हुआ।

भारत के संविधान ने भारत की वैदिक संस्कृति का मूल 'मानवतावाद' अंगीकार किया वहीं इस पर मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा का प्रभाव झलकता है। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित चार मूल सिद्धान्त है न्याय स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्व। भारतीय संविधान में मूल अधिकारों का छ: समूहों में वर्गीकरण किया गया है- समता का अधिकार, स्वतन्त्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार।

भारतीय संविधान में वर्णित ये अधिकार सभी व्यक्तियों के लिए है चाहे उनका मूल-वंश, धर्म, लिंग तथा राष्ट्रीयता कुछ भी हो। परन्तु दु:ख की बात है कि भारतीय समाज का बहुत बड़ा वर्ग आज भी अपने इन अधिकारों से वंचित है जिसका कारण अज्ञानता है। अत: जन-जन को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए यह आवश्यक है कि मानवाधिकार विषय को शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान मिले तथा मानवाधिकार शिक्षा पाठ्यक्रम को मुख्य विषय के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

विभिन्न स्तरों पर मानवाधिकार शिक्षा

मानवाधिकार शिक्षा को प्रगाढ़ता प्रदान करने हेतु यह अति आवश्यक माना जाता है कि इसके प्रति लोगों में जागरुकता उत्पन्न की जाये। यह देखा जाता है कि जब तक लोगों में जागरुकता को उत्पन्न नहीं किया जायेगा तब तक सभी नागरिकों को उन्नति की ओर अग्रसर नहीं किया जा सकता। इसलिए यह अति आवश्यक है कि मानवाधिकारों को विशेष रूप से अवगत कराने हेतु नागरिकों को इसके सन्दर्भ में शिक्षा प्रदान की जाए। शिक्षा प्राप्त करके ही उनके द्वारा बिना किसी बाधा के मानवाधिकारों को प्राप्त किया जा सकता है। जिससे देश में मानवाधिकारों की स्थापना की जा सकती है।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

आज विद्यालयों की परिधि में मानवाधिकारों की शिक्षा की ओर विशेष रूप से बल दिया जा रहा है। विद्यालयों में मानवाधिकार का शिक्षण छात्रों के स्तर के आधार पर करना चाहिए। प्राथमिक स्तर पर छात्रों को मनोरंजनात्मक तरीके से शिक्षण प्रदान करने की ओर बल दिया जाना चाहिए। जैसे नाटक, खेल-कूद ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाकर, पौराणिक कथाओं को कहानियों के माध्यम से छात्रों को मानवाधिकार का शिक्षण प्रदान किया जा सकता है।

उच्चतर माध्यमिक स्तर पर आकर छात्रों का बौद्धिक स्तर उन्नत हो जाता है। इस स्तर पर छात्रों को स्काउट, एन.सी.सी. द्वारा तथा देश में मानवाधिकार के समक्ष उपस्थित होने वाली सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत कराकर उन्हें मानवाधिकार की जानकारी और शिक्षा दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालयों में मानवाधिकार से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध करवाकर महापुरुषों तथा विद्वानों की जीवनी तथा उनके द्वारा दिये गये उपदेशों से छात्रों को अवगत करवाकर मानवाधिकारशिक्षा दी जा सकती है।

महाविद्यालय स्तर पर आकर छात्रों का बौद्धिक स्तर इतना अधिक उन्नत हो जाता है कि उनके द्वारा स्वयं ही विषय वस्तु से सम्बन्धित सभी तथ्यों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस स्तर पर छात्रों को मानवाधिकार सम्बन्धी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का पता स्वयं लगाना चाहिए। इस स्तर पर छात्रों को मानव अधिकार हनन के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान की जानी चाहिए। विद्यालयों द्वारा स्वयं ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरों में जाने की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए। ऐसा करने से उनके द्वारा इन क्षेत्रों में व्याप्त मानव अधिकारों से सम्बन्धित सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत होने का अवसर प्राप्त हो जाता है। जिसके परिणामस्वरूप इनके द्वारा मानवाधिकारों के हनन होने की प्रवृत्ति को रोकने हेतु प्रयास किए जाते है। विद्यालय में समय-समय पर अन्तर-विद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए जिनका मुख्य शीर्षक मानवाधिकारों को रखा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य अनेक प्रयासों द्वारा छात्रों को मानवाधिकार की शिक्षा दी जा सकती है।

छात्रों को मानवाधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने हेतु तीनों स्तरों पर अलग-अलग प्रकार की मानवाधिकार सम्बन्धी शिक्षा प्रदान की जाती है। जिससे छात्रों के द्वारा मानवाधिकारों के सम्बन्ध में पूर्ण रूप से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

इस प्रकार उपरोक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि आज भारत में एकता तथा अखण्डता को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि मानवाधिकार शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यही कारण है कि आज इस ओर विशेष रूप से बल दिया जा रहा है कि छात्रों को शिक्षा के आधार पर मानवाधिकारों की शिक्षा प्रदान की जाने की व्यवस्था की जाए।

मानवाधिकार शिक्षा की वर्तमान समय में उपयोगिता

भारत में आज आदर्श नागरिकों की बहुत अधिक आवश्यकता है। जिनके द्वारा अपने मानवाधिकारों की सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जाए तथा वह भली भाँति अपने कर्त्तव्यों की पूर्ण

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

रूप से पूर्ति कर सके। शिक्षा के आधार पर ही आदर्श नागरिक का निर्माण किया जा सकता है। शिक्षा के आधार पर छात्रों को अपने भले-बुरे तथा शीलगुणों का ज्ञान प्रदान किया जा सकता है। यही कारण है कि छात्रों को विशेष रूप से मानवाधिकारों की शिक्षा प्रदान करने हेतु यह अति आवश्यक है कि उन्हें शिक्षित किया जाये। आजादी के 70 वर्ष हो जाने पर आज भी भारत की लगभग 85 प्रतिशत जनता अशिक्षित है और जो शिक्षित भी है उनमें विधिवेत्ताओं को छोड़कर आज शिक्षित नागरिकों को भी विधि का ज्ञान नहीं होता। अतः सरल भाषा में विधि का ज्ञान आज की आवश्यकता है। मानवाधिकार के सम्बन्ध में भी यही बात है। आज निरन्तर मानवाधिकार का हनन हो रहा है। जसको रोकने का एकमात्र उपाय मानवाधिकार शिक्षा है।

मानवाधिकार शिक्षा को वर्तमान दौर की शिक्षा व्यवस्था का एक ज्वलन्त प्रकरण कहा जा सकता है। मानवाधिकार शिक्षा से तात्पर्य मानवाधिकारों के सुनिश्चित करने में शिक्षा के योगदान को सुनिश्चित करने वाली शिक्षा से है। नैसर्गिक जन्मजात अधिकारों के रूप में अथवा संवैधानिक मूल अधिकारों के रूप में प्रत्येक व्यक्ति के कुछ सार्वभौमिक अधिकार माने जाते है एवं इन अधिकारों की पूर्ति करना प्रत्येक सभ्य समाज का एक अनिवार्य कर्तव्य माना जाता है। भारत जैसे प्रजातान्त्रिक राष्ट्र में संविधान के द्वारा प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वातन्त्र्य, धार्मिक स्वतन्त्रता, शिक्षा प्राप्ति जैसे अनेक अधिकार प्रदत्त किये गये है। अतः शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को इन अधिकारों को जानना एवं आवश्यकतानुसार इनका प्रयोग करके अपने जीवन को सुखमय बनाना है। वस्तुतः अपने अधिकारों की रक्षा करने तथा दूसरों के अधिकारों में बाधा न बनने की शिक्षा देना ही मानवाधिकार शिक्षा है जिसकी वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नितान्त आवश्यकता है।

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. गुप्ता, एस.पी, (2012) भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्यायें, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. द्विवेदी, कपिलदेव (1984) नीति शिक्षा, विश्वभारती अनुसंन्धान परिषद ज्ञानपुर, वाराणसी।
3. पाण्डेय, कामता प्रसाद (2007) शिक्षा के दार्शनिक एवं सामाजिक आधार, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
4. मिश्र, भास्कर (1995) शिक्षा एवं संस्कृति, भावना प्रकाशन, नेब सराय, नई दिल्ली।
5. मौर्या, गीता, (2011) मानव अधिकार, अनुभव पब्लिशिंग हाउस, सर्वोदय नगर, अल्लापुर, इलाहाबाद।
6. सिंह, शिरीष पाल, (2010) राष्ट्रीय मूल्य एवं मानवाधिकार शिक्षा, ए.पी.एच. पब्लिशिंग कारपोरेशन, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
7. सिंह, सुनीता (2006) प्राचीन भारत में शिक्षा व्यवस्था, राधा पब्लिकेशन्स, दरियागंज, नई दिल्ली।
8. हूडा रामनिवास, (2008) मानव अधिकार शिक्षा, के.एस.के. पब्लिशर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स, दरियागंज, दिल्ली।
9. श्रीवास्तव, सुधारानी (2011) भारत में मानवाधिकार की अवधारणा, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस दरियागंज, दिल्ली।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ISSN - 0974-8946
अप्रैल-जून, 2017

शोधप्रभा
वर्षः 42, द्वितीयाङ्कः

योगदर्शन एवं प्रमाण-विमर्श[1]

डॉ. सुशिम दुबे*

प्रस्तुत आलेख तीन भागों में विभाजित है। प्रथम भाग में योग का सामान्य परिचय दिया गया है। द्वितीय भाग में आधुनिक युग में योग की स्थिति का निरूपण करते हुए वर्तमान में योग के क्षेत्र में शैक्षिक, स्वास्थ्य, एवं अध्यात्म की दृष्टि से प्रमाणीकरण की समस्या पर विचार किया गया है जो कि समाज एवं जनसामान्य की आवश्यकता से सम्बन्धित है। आलेख के तृतीय भाग में पारम्परिक तौर पर योगदर्शन में प्रमाण विमर्श पर विचार किया गया है जो कि दार्शनिक दृष्टिकोण एवं ज्ञानमीमांसात्मक दृष्टि से विवेचित है।

प्रथम-भाग

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान 21 जून को योग अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव देते हुए कहा कि 'योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है, ...मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, विचार एवं व्यवहार में सामंजस्य, संयम और तुष्टि में समायोजन के साथ समग्र स्वास्थ्य और लोकहित का एकीकृत दृष्टिकोण योग में निहित है। यह केवल एक अभ्यास न होकर व्यक्ति, प्रकृति एवं समष्टि के साथ एकत्व की खोज है। हम हमारी जीवन शैली में बदलाव लाकर और चेतना जाग्रत करके, जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकते हैं। आइये हम एक साथ मिलकर एक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को स्वीकार करने की दिशा में काम करते हैं।' संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा इस सार्वभौमिक अपील को स्वीकार करते हुए दिनाँक 11 दिसम्बर 2014 को अपने संकल्प क्र. 69/131 से 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। श्री बान की मून, महासचिव संयुक्त राष्ट्र महासभा के अनुसार 'योग के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में 21 जून की घोषणा करके, महासभा ने इस कालातीत अभ्यास का समग्र लाभ और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों और मूल्यों के साथ निहित अनुकूलता को पहचाना है।'[1]

---

* कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी, अकादमिक केन्द्र भा.दा.अ.प. (अन्तर्गत मा.सं.वि.मंत्रालय, भारत सरकार), 3/9 विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

1. http://www-un-org/en/events/yogaday/

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

आज योग शब्द अत्यन्त प्रचलित तथा सर्वमान्य एवं बहुश्रुत है। यह सर्वमान्य तथ्य है कि आज भी भारत का विश्व में योगदान जिन दो क्षेत्रों में अग्रणी माना जाता है वे साफ्टवेयर (सूचना प्रोद्योगिकी) एवं योग-अध्यात्म ही हैं। इन्हीं दोनों ने मानवीय मूल्यों का संरक्षण एवं सभ्यता को विकसित एवं प्रगत् (एडवान्स्ड) होने में अवस्मरणीय योगदान दिया है।

विश्व संस्कृति में अपना योगदान देने वाला 'योग' प्राचीन भारतीय ऋषियों की महान खोज एवं देन है। ऋषियों-मुनियों की इस विलक्षण खोज योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्राचीन भारतीय वैदिक संहिताओं, ग्रन्थों, मृत्तिका मुद्राओं एवं प्रस्तर उत्कीर्णनों में मिलती है। प्राचीनतम साहित्य ऋग्वेद में 'युञ्जते', 'युञ्जानः', 'युज्' 'योगो-योगो' आदि उद्धहरण मिलते हैं। जहाँ मन को योजित करने, स्थिर करने के भाव से लेकर, जोड़ने पर्यन्त तक विविध अर्थ समाहित हैं।

यजुर्वेद में इस प्रकार आया है -

'युञ्जते मनऽउत युञ्जते धियो विप्रा विप्रस्य बृहतो विपश्चितः[2]'

यहाँ मन को स्थिर करने का भाव 'युञ्जते मनः' से अभिप्रायित है।

प्राणायाम प्रमुख योगाभ्यास हैं। सर्वप्रथम प्राणायाम के सन्दर्भ 'प्राणविद्या' के रूप में औपनिषदिक साहित्य में मिलते हैं। यहाँ पर पंच प्राणों के नाम- प्राण, अपान, व्यान, उदान तथा समान का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। अथर्ववेद[3] में व्यष्टि (व्यक्ति) से समष्टि (ब्रह्माण्ड) तक प्राण के विभिन्न आधारों एवं क्रिया-कलापों का स्मरण कर नमन किया गया है। प्राण से सन्दर्भित एक रोचक प्रसंग भी उपनिषत् में मिलता है, जो इस प्रकार है - 'एक बार समस्त शारीरिक अंग-प्रत्यंग मिलकर अपने-अपने कार्यो का व्याख्यान करके अपनी महत्ता को सिद्ध करने का प्रयास करते हैं, उनमें विवाद होने लगता है, तब यह निर्णय होता है कि जिस अंग के कार्य न करने पर शरीर नहीं चलेगा एवं अन्य अंग प्रभावित होंगे, वही प्रमुख एवं बड़ा माना जायेगा। इस पर सर्वप्रथम आँख ने कार्य करना बन्द कर दिया, परन्तु फिर भी शरीर चलता रहा। अब हाथ पैर आदि कर्मेन्द्रियों की बारी थी, वे भी अपनी शक्ति परीक्षण हेतु, कार्य करना बन्द कर देते हैं, परन्तु तब भी शरीर चलता रहता है। अब बारी मन की थी, जब उसने कार्य करना बन्द किया तो ज्ञानेन्द्रियाँ तथा कर्मेन्द्रियाँ तो प्रभावित हुई, पर शरीर कार्य करता रहा। अब बारी बुद्धि की थी, जब उसने कार्य करना बन्द किया तो भी शरीर चलता रहा, अन्त में प्राणों की बारी आई जैसे ही उन्होंने शरीर को छोड़ना शुरू किया, वैसे ही सभी अंग-प्रत्यंग निर्जीव होकर त्राहि-त्राहि करने लगे, इस पर उन सभी अंग ने प्राण की महत्ता को स्वीकार किया।

वास्तव में औपनिषदिक साहित्य में इसी प्राण विद्या के संवर्धन तथा धारण को योग के रूप में यहाँ देखा गया है। परम्परा में इसे गोपनीय विद्या भी कहा गया है। प्राचीन समय से ही

2. यजुर्वेद (xi/1-5)
3. अथर्ववेद (11वें काण्ड का चौथा सूक्त)

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

विदेशी सदैव से भारत की प्राचीन एवं गुप्त विद्या के जानने को लालायित होकर भ्रमणकारी के रूप में भारत आते रहे हैं। भारत के योग विषयक आसन एवं मुद्राओं की भाव भंगिमायें लिये मूर्तियाँ एवं प्रस्तर उत्कीर्णन सुदूर दक्षिण एशियाई देशों से लेकर यूरोप महाद्वीप पर्यन्त मिलते हैं। इनमें शिव, यक्ष-यक्षिणि, भैरव, नटराज आदि के यौगिक भावभंगिमा से लेकर बुद्ध एवं महावीर की पद्मासन में ज्ञान आदि विविध मुद्राओं की प्रतिमाएँ, योग की ऐतिहासिक परम्परा के अक्षुण्ण साक्ष्य हैं।

प्राणायाम वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में गहनता से जुड़ा रहा है। शरीर एवं मन का शोधन करने वाला होने से प्राचीन भारतीय परम्परा में प्रत्येक सांस्कृतिक एवं मांगलिक कार्य के अवसर पर शोधन क्रिया, पापों से शुद्धि एवं प्रायश्चित कर्मों में यह जन-जन के अभ्यास का विषय रहा है। जीवनी शक्ति का संवर्धन करने वाली यह योग विद्या योग के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उद्भव में मूलभूत आधार रही। इसी साधना के बल ऋषियों द्वारा प्राणों का संरक्षण करके दीर्घ आयु प्राप्त करना संभव रहा है।

योगविद्या के प्रवर्तक

योग के उद्भव में प्राचीनतम वक्ता या प्रथम प्रवर्तक के रूप में हिरण्यगर्भ का नाम का उल्लेख आता है। **'हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः'**[1] योगियागवल्क्यस्मृति साहित्य में ऐसा सन्दर्भ है। **महाभारत** जो कि विशालतम ऐतिहासिक महाकाव्य है, में हिरण्यगर्भ के अभिप्राय – 'द्युतिमान' (प्रकाश/आभा/दीप्ति/ज्योति/तेज) एवं **'विभुः'** (सर्वत्र व्याप्त) बतलाये गये हैं।

योग के प्रवक्ता हिरण्यगर्भ के विषय में कुछ इतर धारणाएँ भी विद्वानों ने व्यक्त की हैं। कुछ मनीषी सांख्य शास्त्र के प्रवक्ता कपिल मुनि को ही हिरण्यगर्भ कहते हैं, तो कुछ अन्य हिरण्यगर्भ नाम के किसी ऋषि को योग का आदि प्रवक्ता बताते हैं। ऐसी भी मत है कि हिरण्यगर्भ के योग मत पर हिरण्यगर्भशास्त्र नामक कोई ग्रन्थ रहा है। बहरहाल ऐसे सभी योग विषयक मत एवं विचारों का संकलन एवं प्रस्तुतिकरण जिस आद्य ऋषि ने किया वे **पतञ्जलि** नाम से विख्यात हैं। इनका समय 200 ई.पू. के आसपास माना जाता है। ऋषि पतञ्जलि ने योग की मूल-मूल बातों को संक्षिप्त एवं सारगर्भित करके योगसूत्र नामक ग्रन्थ में प्रस्तुत किया। **योगसूत्र** नामक इस ग्रन्थ की व्याख्याएं एवं सांख्यमत सामूहिक रूप से योगदर्शन के नाम से जाने जाते हैं। योगदर्शन से अभिप्राय है कि जिससे योग का दर्शन किया जाता है, अर्थात् योग को देखा जाता है, जाना या प्राप्त किया जाता है। यहाँ तक के साहित्य को हम योग की प्राचीन परम्परा के अन्तर्गत मानते हैं।

---

1. 'इति योगियाज्ञवल्क्यस्मृतेः कथं पतञ्जलेर्योगशास्त्रकर्तृत्वम् इत्याशङ्क्य सूत्रकारेणानुशासनमित्युक्तम्।' – तत्त्ववैशारद्याम्, 1.1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

'योगसूत्र' से तात्पर्य 'योग' के सूत्रों का संग्रह या संकलन। 'सूत्र' से अभिप्राय है - **'अल्पाक्षरं सूत्रम्'** अर्थात् अल्पक्षर की संहति सूत्र है। जिस प्रकार माला के सूत्र में समस्त मोती पिरोए रहते हैं, बँधे रहते हैं। उसी प्रकार योग के सूत्र में योग के समस्त मोती महर्षि पतञ्जलि द्वारा पिरोए गये हैं।

योगसूत्र के भाष्य ग्रन्थ एवं योग परम्परा का विस्तार

महर्षि पतञ्जलि के योग सूत्र पर प्रथम प्रमाणिक व्याख्या 'व्यासभाष्य' के रूप में प्राप्त होती है। व्यास भाष्य से तात्पर्य है- व्यास के द्वारा महर्षि पतञ्जलि के योग सूत्र पर दी गयी व्याख्या। व्यास भाष्य का रचना काल 200-400 ईसा पश्चात् माना जाता है। इसी क्रम में नवमीं शताब्दी में वाचस्पति मिश्र ने योगसूत्र एवं व्यासभाष्य दोनों पर ही अपनी व्याख्या दी जो कि 'तत्त्ववैशारदी' के नाम से प्रसिद्ध है। आगे चौदहवीं शताब्दी में योगसूत्र पर महत्वपूर्ण व्याख्या विज्ञानभिक्षु की प्राप्त होती है जिसका नाम लेखक ने 'योगवार्तिक' दिया है। एवं सोलहवीं शताब्दी के आसपास धारेश्वर भोज के नाम से पतञ्जलि योगसूत्रों पर विस्तृत व्याख्या प्राप्त होती है जो कि 'भोजवृत्ति' के नाम से प्रसिद्ध है। भोज ने अपने इस ग्रन्थ में योग के अन्य महत्वपूर्ण ग्रन्थों से विभिन्न सम्बद्ध सन्दर्भ भी दिये हैं जिससे भोजवृत्ति एक समृद्ध ग्रन्थ का कलेवर प्राप्त करता है। वास्तव में योगसूत्रों पर भाष्य ग्रन्थों की परम्परा एक सशक्त एवं समृद्ध योगसाहित्य का सृजन करती है।

आसनों से आज योग की अधिक पहचान की जाती है। परन्तु प्राथमिक ग्रन्थों में आसनों का उतना आधिक विस्तार नहीं मिलता जितना मध्ययुगीन ग्रन्थों में। मध्ययुगीन ग्रन्थों में योग के प्रायोगिक एवं कर्मिक पक्ष को विशिष्ट विधि के साथ तथा उनसे ठीक होने वाली विविध बीमारियों के साथ उल्लेख किया गया है। इनमें गोरक्षशतक, हठयोगप्रदीपिका, घेरण्डसंहिता, शिवसंहिता, हठरत्नावली, आदि प्रमुख हैं। वास्तव में योग की ऐतिहासिक परम्परा का क्रियात्मक पक्ष इन ग्रन्थों में अधिक विकसित हुए हैं। इनमें प्रमुख हठयोग के आचार्यों की परम्परा का भी स्पष्ट उल्लेख हुआ है। हठयोग प्रदीपिका के रचनाकार हठयोगी स्वात्माराम ने हठयोग परम्परा के आदि प्रवक्ता के रूप में आदिनाथ को बतलाते हुए गोरक्षनाथ आदि तीस महायोगियों का उल्लेख किया है। इसी के साथ योग में नाथ सम्प्रदाय का भी विशेष परम्परा का उल्लेख मिलता है। इनमें गोरक्षनाथ, मत्स्येन्द्रनाथ आदि का नाम अग्रणी है। पारम्परिक लोक-साहित्य जैसे पंचतन्त्र एवं हितोपदेश में भी इसके आख्यान मिलते हैं।

द्वितीय-भाग

योग वर्तमान काल में सार्वभौमिक, सार्वजनिक एवं सुपरीक्षित स्वास्थ्य रक्षण एवं संवर्धन की पद्धति के रूप में विश्वव्यापी हो रहा है। वास्तव में योग की पद्धति को आज वैज्ञानिक आधार एवं स्वीकृति मिल रही है। इस रूप में योग की पद्धित सार्वभौमिक एवं सार्वजनिक सिद्ध होती है।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

यौगिक अभ्यासों एवं उपचारों का लाभ आज सभी लोग ले पा रहे हैं। इस रूप में योग किसी भी देश, जाति व धर्म से सम्बन्धित या नास्तिक-आस्तिक सभी के लिये उपयोगी है।

इसी प्रकार सार्वभौमिक सत्यों एवं सनातन जीवन मूल्यों पर आधारित योग के सत्य अहिंसा, आदि यम तथा संतोष, स्वाध्याय आदि नियम का कोई भी व्यक्ति आचरण कर सकता है, चाहे वह आस्तिक हो या नास्तिक हो, गोरा हो या काला। आसन एवं शुद्धि क्रियाओं के अभ्यास से सभी शरीर को स्वस्थ व निरोगी बना सकते हैं।

योगदर्शन, सभी को, उनके साधन से योगाभ्यास करने की स्वतन्त्रता देता है। सभी धर्म, सभी वर्ग के लोग यथेच्छित चिह्न या पदार्थ पर ध्यान लगाते हैं। योग के आधारभूत ग्रन्थ योगसूत्र में आता है - 'यथाभिमत ध्यानाद्वा'[1] अर्थात् जो पदार्थ अच्छा लगे उसी पर ध्यान लगाने से चित्त को एकाग्र किया जा सकता है। ध्यान से मानसिक तनाव का कम होना, उच्च रक्तचाप का नीचे आना, श्वास रोग का ठीक होना, ध्यान लगाने से छात्रों के अध्ययन में प्रगति करना अनगिनत व्याधियों में रोगियों का प्राणायाम एवं ध्यान के अभ्यास से अन्यों की अपेक्षा शीघ्र ठीक होना, नशे आदि व्यसनों से छुटकारा पाना आदि तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में भारत ही नहीं विदेशों में भी योग को विद्यायलयीय शिक्षा के अन्तर्गत लाया जा रहा है। अमेरिका के एक राज्य इलिनॉइस की संसद ने तो 1972 में ही एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें ध्यान का समर्थन करते हुए सभी शिक्षा संस्थानों को सिखाने का अनुरोध तथा परियोजना के लिये हर सम्भव योगदान के लिये निर्देश दिया।

योग का क्षेत्र : अभ्यासों के प्रमाणीकरण की समस्याएँ एवं समाधान

आज योग का क्षेत्र द्रुत गति से विकासमान है। योग के क्षेत्र में हरेक अन्य क्षेत्र की भाँति विकारों एवं अनियमितताओं का भी प्रवेश हुया है। कुछ उल्लेखनीय समस्या इस प्रकार हैं।

-योगाभ्यासों के मानकीकरण की समस्या

-व्यवसायीकरण एवं अन्धानुकरण की समस्या

-योग उपचार एवं चिकित्सा को वैज्ञानिक मापदण्डों पर सिद्ध करने की समस्या

-विविध प्रारूप में एकरूपता की समस्या यथा

-योग में विरूपण की समस्या - एडल्ट योगा, यूथ योगा, डाग योग

-योग चिकित्सक एवं योग केन्द्र का पंजीकरण की समस्या।

---

1. योगसूत्राणि, I, 39

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

समाधान : एक चर्चा

आज योगाभ्यासों के विविध प्रारूप दिखायी देते हैं। एक ही नाम के आसन विविध रूप में प्रचलित हैं। इस सबके मानकीकरण की आवश्यकता है। आज का दौर व्यवसायिक युग है। बाजार में जिस चीज की मांग होती है, उसी का सर्वत्र दोहन शुरू हो जाता है। मानवता की सेवा एवं त्याग तपस्या के आदर्श से आर्जित उत्तम अभ्यासों को निर्लिप्त भाव से प्रारम्भ में योगाभ्यासों को समाज में प्रस्तुत कर जो विश्वास एवं सद्‌भावना अर्जित की गयी, वही आगे चलकर छद्‌म एवं वेशधारी लोगों द्वारा सरल व्यवसाय एवं ठगने का माध्यम भी बनी। वास्तव में दोनों रास्ते से योग को निकाल कर एक मानकीकृत पैमाने पर आधारित करने एवं वैज्ञानिक रीति अध्ययन एवं अनुसन्धान आज योग शिक्षा को लाने की आधारभूत आवश्यकता है। इस रूप में योग के क्षेत्र की इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

पुनः सामूहिक रूप से योग की इन समस्याओं का निराकरण के लिये विभिन्न सरकारी एजेन्सियों, विभागों, योग के प्रतिष्ठित विद्वानों, योगियों एवं जनप्रतिनिधियों के साझे प्रयास से इन समस्याओं का निराकरण सम्भव है।

योग एक शैक्षिक विषय के रूप में[1]

योग शिक्षा एक विषय के रूप में चिरन्तन मानवीय मूल्यों को सनातन ऋषि परम्परा से प्राप्त करते हुए आधुनिक विविध विषयों के साथ सहसंयोजन, समायोजन एवं पूरक के रूप में कार्य करती है। योग सरल, सस्ते एवं निरोधात्मक एवं संवर्धनात्मक आधार के रूप में स्वाथ्य विज्ञान एवं आधुनिक चिकित्सीय विज्ञान के साथ सम्बन्ध रखता है। शान्ति, भाइचारे एवं एकत्व के सन्देश के साथ यह समाज विज्ञान के साथ सम्बन्धित है। वहीं धारणा एवं ध्यान, आत्मविश्लेषण, रचनात्मक अवधान एवं अनुचिन्तन से यह मनोविज्ञान के साथ भी अन्तरिक सम्बन्ध रखता है। वास्तव में योग शिक्षा अपने विविध क्षेत्रों का पल्लवन विविध विषयों से करती है।

योग : विश्वास से वैज्ञानिकता की ओर-अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृति एवं प्रसार

सामान्य व्यक्ति के लिये योग आसन एवं प्राणायाम का समूह है। इसलिये उसके लिये इसका मूल्य किन्हीं विशिष्ट एवं कठिन तौर पर शरीर के अंगों को हैरतअँगेज तरीके से मोड़ लेना तथा इसका उद्देश्य या तो करतब दिखाना, या स्वास्थ्य लाभ करना होता है। इस प्रकार यहाँ यौगिक अभ्यास वास्तव में जिमनास्ट के समान समझे जाते हैं। कुछ आध्यात्मिक समझ रखने वाले के लिये लोगों के लिये योग गूढ़ अभ्यासों एवं रहस्यमयी क्रियाओं का समूह है, जिसके प्रभाव से योगी आध्यात्मिक उपलब्धि को प्राप्त करता है। इस प्रकार यौगिक अभ्यास यहाँ पर रहस्यमयता के दायरे

1. http://bharatvidya-org/Yoga/myweb/yoga_as_a_global_value-htm ref- from Concise Encyclopedia of Yoga an online resource of Yoga available at http://bharatvidya-org

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

में तथा उनका मूल्य अति गूढ़, गोपनीय एवं विशिष्टतम माना गया है।

वैज्ञानिक आधारों पर योग की बात करें तो योग में वर्णित कुण्डलिनी शक्ति आदि के मेडिकल साइंस के अनुसार कोई फिजियोलॉजिकल आधार मानव शरीर के शल्यानुसंधान में प्राप्त नहीं होते। यौगिक क्रियायें काफी हद तक वैयक्तिक होती हैं। आब्जक्टिविटी या वस्तुनिष्ठता नहीं होने के कारण इनका वैज्ञानिक पद्धति से प्रमाण की गुंजाइश कम रहती है। पुनः ऑब्जक्टिविटी कम होने से निष्कर्षों में भी वेरिएशन की संभावना अधिक रहती है, अतः वैज्ञानिकों का इसमें उत्साह कम हो जाता है।

समाज की दृष्टि से योग तथा यौगिक क्रियाओं को देखें तो समाज वस्तुतः उसी मूल्य को महत्व देता है, जो वैयक्तिक कम तथा सामाजिक अधिक हों। यदि योगसिद्धि से व्यक्ति उदासीन होता है तो समाज की भी ऐसे व्यक्ति में उदासीनता ही होगी। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी कमोबेश सामाजिक स्तर के अनुरूप ही मूल्य पोषित देखे जाते हैं।

उपरोक्त मानदण्डों एवं तर्कों से विगत् दो दशक से योग का समालोचना एवं उहापोह का शिकार रहा और इस अद्यावधि में भारत में इसका सम्यक् मूल्यांकन नहीं हो पाया। किन्तु विदेशों में इस अवधि में इसका प्रबल प्रचार-प्रसार हुआ। 60 एव 70 के दशकों से अमेरिका में योग ने लोकप्रियता के नये आयामों को स्पर्ष किया। वहाँ **योग ने स्वास्थ्य लाभ के निरोधात्मक (Preventive) एवं प्रदायात्मक (Promotive) अद्वितीय कारक** के रूप में प्रतिष्ठा एवं प्रसिद्धि अर्जित की। धीरे-धीरे आधुनिक मेडिकल चिकित्सा के दुष्परिणामों से त्रस्त तथा विभिन्न एक्सरसाइज (वेट-लिफ्टिंग, एरोबिक्स, फास्ट स्पोर्ट्स आदि) से उबे तथा निराश लोगों ने भी जब योग की शरण ली तो उन्होंने पाया कि योग के अभ्यास, आरामदायक, स्फूर्तिदायक तथा हृदयतन्त्र पर अधिक कार्यभार न डालने वाले स्वरूप के हैं। क्योंकि वेट-लिफ्टिंग के लम्बे समय के अभ्यास से आगे जाकर जोड़ों के दर्द की समस्या देखी गयी। वहीं ऐरोबिक्स भी स्थूल लोग के लिये उतना आरामदायक नहीं महसूस किया गया, एसोबिक्स हार्टपेशेंट, उच्च रक्तचाप के मरीज के लिये भी अप्रशस्तकर तथा कमजोरों के लिये दुष्कर अनुभवित किया गया। फास्ट स्पोर्ट्स के अपने रिस्क पाये गये, तथा यह खर्चीला भी रहा। यही कारण रहा कि उपरोक्त एक्सरसाइजों के एवज में यौगिक अभ्यासों का संक्षिप्तिकरण तथा स्वास्थ्यवर्जन (health-version) के प्रति लोगों का रूझान बढ़ता चला गया।

चूँकि योग का लक्ष्य आधारभूत स्वास्थ्य से अन्तिम अध्यात्म (Fundamental health to spirituality) तक प्रसृत है, अतः यदि अन्य धर्म के लोग अध्यात्म परक मूल्य अपने अपने धर्म से लेते हैं तो स्वास्थ्यपरकता तो योग से ले ही सकते हैं। अतः योग के वैश्विक करण में अन्तिम अग्राह्यकारक तत्त्व भी हट गया । और इसका कारण यह रहा कि धर्म की निहित कदाचित् रूढ़िवादिता तथा मूर्तिपूजा आदि का कोई विधान योगाभ्यासों में नहीं है। इसमें केवल ओम् के ही

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

जप का विवरण आता है जो कि आध्यात्म मार्ग के गमनार्थियों के परिप्रेक्ष्य से अधिक संदर्भित है। चूँकि ॐ भी अ, उ एवं म का संयुक्ताक्षर है। अतः इसमें भी किसी अन्य धर्मावलम्बी को आपत्ति की भी गुंजाइश कम रहती है। इसलिये योग को अपनाने में धर्म एवं संस्कृति की बाधायें अल्प हुई।

योग के आधुनिक प्रचारकों ने भी प्राचीन योगियों की भाँति एकांतपरकता तथा समाजिक उदासीनता के स्थान पर, गतिशीलता, कर्मठता तथा सामाजिक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में अपने अवदान एवं योग के प्रतिमान स्थापित किये। इन योगप्रचारकों न केवल अपने अत्यन्त कर्मठ एवं दक्ष होने का प्रमाण दिया, अपितु प्रेम, सहानुभूति, करूणा, भाईचारे एवं विश्वबन्धुत्व का संचार किया। अनेकानेक लोग जो कि नशे की गिरफ्त में थे तथा अन्य विपरीत मनोस्थितियों के शिकार थे उन्होंने पाजिटिव जीवन का मूल-मंत्र तथा जीने की नयी दिशा तथा प्रेरणा योग से ग्रहण की। **श्री रविशंकर की सुदर्शन क्रिया** परक योग, **माँ अमृतान्दमयी** का **आरोग्यकारक आलिंगन** तथा **बाबा रामदेव के रोगनिरोधक योगाभ्यास** इसके जीवन्त उदारहण हैं। इस कारण योग तथा योगियों की आधुनिक समाज अत्यन्त सम्मानजनक प्रतिष्ठा निर्मित हुयी।

विज्ञान की भी प्रगति से सूक्ष्म यौगिक क्रियाओं के भी अध्ययन के मार्ग खुले। जिन्हें या तो वैज्ञानिक दृष्टि से निरर्थक माना जाता रहा या असम्भव उनके भी वैज्ञानिक आधार मिले। इनसे वे यौगिक क्रियायें जो कि चमत्कार के धरातल पर थीं, वे भी रेशनेलिटी एवं प्रयोग के दायरे में आ गयीं। यौगिक क्षेत्र में सांइटफिक मैथेडलॉजी के प्रयोग से यौगिक क्रियाओं के उपचारात्मक स्वरूप के प्रकाश में आने से चिकित्सक वर्ग का योग के निश्चित प्रभाव पर विश्वास हुया। आज अनेक डाक्टर्स स्वयं भी योग करते हैं तथा अन्यान्य मरीजों को भी योगाभ्यासों का परामर्श देते हैं। आज चुनिंदा योगाभ्यास आर्थोपेडिक, रयूमरेटिक एवं अस्थमैटिक व्याधियों में अन्य पैथियों की तुलना में सर्वाधिक कारगार एवं सटीक उपचार माने जाते हैं। पाचनतन्त्र के विभिन्न डिसऑर्डर के अतिरिक्त आज डायबिटीज तथा कैंसर जैसी घातक बीमारियों में भी योगाभ्यास प्रभावकारी पाये जा रहे हैं। विदेशों में आफिस जाने से पूर्व आधे घण्टे के प्राणायाम एवं आसनों के अभ्यास दिन भर शरीर को उर्जावान रखने में अत्यन्त लोकप्रिय अभ्यास तथा फैशन दोनों रूपों में है ही।

वैज्ञानिक कसौटी पर खरे उतरे योग ने आज जनसामान्य का भी विश्वास अर्जित किया है। इस प्रकार योग आज एक सार्वजनिक मूल्य के रूप में समादृत तथा स्थापित कहा जा सकता है। विभिन्न विद्यालयों में योगपाठ्यक्रम शरीर-शिक्षण का स्थान ले रहे हैं। किन्तु उच्चशिक्षा में अभी भी योगशिक्षण की स्थिति सुदृढ़ नहीं है। अभी भी हमारे देश में मात्र केवल एक या कुछ ही योग यूनिर्वसिटी हैं वो भी डीम्ड स्तर की। केवल कुछ विश्वविद्यालयों में ही 'ह्यूमन कानसेसनेस तथा यौगिक सांइस' नाम से डिप्लोमा या/एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हैं, स्नातक स्तर पर योगपरक

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पाठ्यक्रमों को अभी भी सम्मिलित किया जाना बकाया है। यद्यपि अनेकों संस्थायें देश एवं विदेश में योगानुसंधान एवं योग के प्रचार-प्रसार की दिशा में कार्यरत् हैं।

तृतीय-भाग

पतंजलि योगसूत्र में योग की परिभाषा की गई है - **'योगश्चित्तवृत्ति निरोधः'** -अर्थात् योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है।[1] योगदर्शन में 'चित्त' पद का विभिन्न सूत्रों में प्रयोग हुआ है, यथा 1/2, 33, 37, 3/19, 11, 12, 19, 32, 4/4, 5, 15, 16, 17, 18, 23 तथा 26 । चित्त के व्यावहृत अन्य समकक्ष चित् (चिति) पद का प्रयोग योग में मिलता है। 'चित्' से 'करण' अर्थ में 'क्त' प्रत्यय करने से 'चित्त' पद निष्पन्न होता है। अष्टाध्यायी धातुपाठ[2] में चित्त की व्याख्या में आया है **'चित्ती संज्ञाने'**। अर्थात् संज्ञान में चेतना की क्रिया है। योगसूत्र[3] में महर्षि पतंजलि ने 'चित्त' पद व्यावहृत वृत्ति को 'बुद्धि' नाम से विश्लेषित किया है। 'बुद्धि' शब्द का अर्थ बोध है जो कि ज्ञानात्मक है। अतरू चित्त की ज्ञानात्मक वृत्ति के लिये यहाँ 'बुद्धि' शब्द का प्रयोग हुआ है, जब कि सांख्य में 'बुद्धि' शब्द से एक तत्त्व वर्णित हुआ है। योग में प्रयुक्त 'मन' पदवाचक से भी 'चित्त' तत्त्व को व्यवहार समझा जा सकता है, यथा 'मनसः **स्थितिनिबन्धनी**[4]' सूत्र के भाष्य में आता है - **'चित्तं स्थितौ निबध्नन्ति'**[5] साथ ही वार्त्तिककार विज्ञानभुक्षु भी **'मनश्चित्तयोरेकतेति बोध्यम्'** वाक्य द्वारा चित्त और मन की एकरूपता का कहते हैं।

व्यासभाष्य में चित्त की भूमियों का वर्णन आया है जो कि पाँच प्रकार की निरूपित की गई हैं- क्षिप्त, मूढ, विक्षिप्त, एकाग्र तथा निरुद्ध[6]। योग की स्थिति, निरूद्ध भूमि या समाधि में प्राप्त होती है, निष्पत्ति की दृष्टि से भी योग की परिभाषा **'योगः समाधिः'**[7] की गई है।

पातंजल-योगसूत्र में चित्त की पाँच प्रकार की वृत्तियाँ बतलाई गई हैं। ये हैं - प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा तथा स्मृति। ये क्लिष्ट और अक्लिष्ट भेद की हैं। इन वृत्तियों का आन्तरिक विस्तार भी किया गया है। प्रमाण के तीन भेद हैं - प्रत्यक्ष, अनुमान तथा आगम। विपर्यय मिथ्याज्ञान

---

1. योगसूत्राणि, I. 2
2. चिती संज्ञाने, 39. 341
3. योगसूत्राणि, IV. 23
4. योगसूत्राणि, I. 37
5. 'वृत्तय उत्पन्नाश्चित्तं स्थितौ निबध्नन्ति' - व्यासभाष्ये I, 35
6. क्षिप्तं मूढं विक्षिप्तमेकाग्रं निरुद्धमिति चित्तभूमयः - व्यासभाष्ये, I,1
7. व्यासभाष्ये, I, 1; युज् समाधौ दिवादिः, युजिर् योगे रुधादिः द्वयोरपि ग्रहणम्। - काशिकावृत्तिः, अष्टाध्यायी - युज् समाधौ 4. 74, युजिर् योगे 7. 7

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

स्वरूप वृत्ति है। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश भेद से विपर्यय के भी पाँच प्रकार कहे गए हैं। विकल्प वृत्ति के वस्तु, क्रिया और अभाव तीन भेद हैं। निद्रा वृत्ति के सात्त्विकी, राजसी तथा तामसी तीन रूप हैं। भावित स्मर्तव्या तथा अभावित स्मर्तव्या भेद से 'स्मृति' के दो भेद हैं।

योगसूत्र के प्रथम पाद-साधना पाद में प्रमाण के भेद कहे गये हैं – **'प्रत्यक्षानुमानागमाः प्रमाणानि'**।[1] अर्थात्, प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम (से साधित यथार्थ ज्ञान) प्रमाण हैं। व्यास भाष्य के अनुसार **'इन्द्रियप्रणालिकया चित्तस्य बाह्यवर्तुपरागात्तद्विषया सामान्यविशेषात्-मनोऽर्थस्य विशेषावथारणप्रधाना वृत्तिः प्रत्यक्षं प्रमाणम्'**[2], अर्थात् – इन्द्रियप्राणाली के माध्यम से चित्त का बाह्य वस्तु जनित उपराग होने के कारण बाह्य विषय एवं सामान्य तथा विशेष विषयों में विशेषावधारण प्रधाना जो वृत्ति होती है, वह प्रत्यक्ष प्रमाण है। बुद्धि के साथ अविशिष्ट, पौरुषेय चित्तवृत्ति बोध ही (विज्ञानभूत वृत्ति का) फल है। पुरुष बुद्धि का प्रतिसंवेदी है।

अनुमान की व्याख्या में व्यासजी के भाष्य में आया है – **'अनुमेयस्य तुल्यजातीयेष्वनुवृत्तो भिन्नजातीयेभ्यो व्यावृत्तः सम्बन्धो यस्तद्विषया सामान्यावधारणप्रधाना वृत्तिरनुमानम्। यथा देशान्तरप्राप्तेर्गतिमच्चन्द्रतारकं चौत्रवत्, विन्ध्यश्चाप्राप्तिरगतिः'**[3]। अर्थात्, अनुमेय के साथ तुल्यजातीय वस्तु में अनुवृत्त और भिन्न जातीय वस्तु से व्यावृत्त सम्बन्ध कहलाता है। इसी सम्बन्ध को विषय बनाकर जो सामान्यावधरणा-प्रधाना वृत्ति होती है, वह अनुमान है। शब्द प्रमाण की व्याख्या करते हुए व्यास भाष्य में कहा गया है कि **'आप्तेन दृष्टोऽनुमितो वार्थः परत्र स्वबोधसंक्रान्तये शब्देनोपदिश्यते, शब्दात्तदर्थविषया वृत्तिः श्रोतुरागमः'**[4] अर्थात्, आप्त पुरुष से दृष्ट तथा अनुमित जो अर्थ व विषय है, जब दूसरे व्यक्ति को उसका बोध कराने के लिय आप्त पुरुष उसका उपदेश करते हैं तब उससे जो अर्थ विषया वृत्ति श्रोता में उत्पन्न होती है वह श्रोता पुरुष का आगम रूप प्रमाण होता है।

योगवार्तिककार ने दो प्रकार के प्रमाओं का उल्लेख किया कि **'.......प्रमाद्वयं च सांख्ये सूत्रितम्- द्वयोरेकतरस्य, वाऽप्यसन्निकृष्टार्थपरिच्छित्तिः प्रमेति'**[5]। चित्त इन्द्रिय प्राणाली के माध्यम से बाह्य विषय घट, पट आदि के प्रति उपरक्त होता है। विषयराग से विषयानुरूप घट, पट की तदाकारा चित्तवृत्ति हो जाती है। इसे चित्त की विषयानुरूप परिणाम अवस्था भी कह सकते हैं जो कि- 'अयं घटः, अयं पटः।' आदि से लोक व्यवहार का विषय होती है। अतः विषयानुरूप

1. योगसूत्राणि, I.7
2. व्यासभाष्ये, I.7
3. व्यासभाष्ये, I.7
4. वही.
5. योगवार्त्तिकम्, 2.19

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

चित्तवृत्ति बनती है। इस विषयानुरूपण राग को 'करण' (प्रमाण) कहते हैं और 'अयं घट' आदि वृत्ति को 'प्रमा' जिसका आधार बुद्धि है। इसे 'बौद्ध-प्रमा' भी बुद्धिनिष्ठ होने से कहा जा सकता है। 'घटमहं जानामि' अर्थात् मैं घट को जान रहा हूँ- यह द्वितीय प्रकार का प्रमा है, जिसकी उत्पत्ति का कारण पूर्व प्रमा (बौद्ध प्रमा) है। इस प्रकार द्वितीय प्रमा का सापेक्ष प्रथम प्रमा 'करण' (साधन), कहा जा सकता है जो कि पुरुषनिष्ठ होने के कारण 'पौरुषेयबोध' भी कहा जाता है।

योगदर्शन में प्रमाण चित्त की वृत्तियों में से एक है, परन्तु योगसूत्रकार के अनुसार योग चित्त की वृत्तियों का निरोध है। अत: 'निरोध' का विवेचन अपेक्षित है। निरोध शब्द 'नि' उपसर्गपूर्वक 'रुध्' धातु से 'घञ्' प्रत्यय से निष्पन्न होता है, जिसका सामान्य अर्थ बाधा, एवं परिणति स्वरूप नाश समझा जा सकता है। यद्यपि 'निरोध' शब्द 'नाश' अर्थ की अपेक्षा 'अवस्था विशेष' में अधिक उपयुक्त समझा जा सकता है जब हम इसको धर्मी-सापेक्ष धर्म में ग्रहण करते हैं अधिक स्पष्ट तौर पर कहें तो चित्त-धर्मी के वृत्ति-धर्म को निरुद्ध किया जाता है। सांख्य दर्शन सत्कार्यवाद के सिद्धान्त को मानता है, जिसके अनुसार कार्य कारण में अनिवार्य रूप से विद्यमान रहता है। अतएव योग सम्मत अर्थ में कार्य (जैसे घट) अपने कारण (जैसे मृत्तिका) में अनागत, वर्तमान तथा अतीत तीनों कालों में भावरूप से निहित रहता है। उसकी अनागत और अतीत स्थिति अनुमानगम्य है। उसकी 'मध्य' की वर्तमान अवस्था का ही प्रत्यक्ष होता है। योगवार्त्तिककार के अनुसार भी 'निरोध' लय रूप है।[1]

---

1. 'निरोधः.......... लयाख्याऽधिकरणस्यैवावस्थाविशेषोऽभावस्यास्मन्मतेऽधिकरणावस्था- विशेषरूपत्वात्' - योगवार्त्तिकम्, 1.1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ISSN - 0974-8946 शोधप्रभा
अप्रैल-जून, 2017 वर्षः 42, द्वितीयाङ्कः

योगवाशिष्ठ में सर्वधर्मसमन्वय

श्री विनय गोपाल त्रिपाठी*

'धरति लोकान् ध्रियते पुण्यात्मभिः इति वा' लोकों को धारण करता है या पुण्यात्माओं के द्वारा धारण किया जाता है उसे धर्म कहते है। शुभ अदृष्टशब्द से धर्म को कहा जाता है। हितोपदेश में कहा गया है कि-[1] धर्म ही एक ऐसा मित्र है जो मरने के बाद भी जीवात्मा के साथ गमन करता है। धर्म के अतिरिक्त शरीर से उपार्जित सभी कर्म एवं विषय शरीर के साथ ही नष्ट हो जाते हैं।[2] अमरकोश के अनुसार धर्म के चार पर्यायवाची है पुण्य, श्रेय, सुकृत्, वृष। महाभारत में न्याय, स्वभाव, आचार, उपमा एवं क्रतु अर्थों में धर्म का प्रयोग किया गया है।[3] मेदिनी के अनुसार अहिंसा एवं उपनिषत् को धर्म कहा गया है। दानादि अर्थों में धर्म का प्रयोग किया जाता है यह कथन हेमचन्द्र का है। योगसार ग्रन्थ में प्राणायाम, ध्यान, प्रत्याहार, धारणा और स्मरण को धर्म कहा गया है।[4] पूर्वोक्त अभिप्राय के लिए कोश के अनुसार धर्मशब्द का पुलिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग में प्रयोग किया जाता है।[5] धृधातु से मन् प्रत्यय करने पर निष्पन्न धर्म जो मात्र पुलिङ्ग वाची है उसका प्रयोग मेदिनी के अनुसार धनु, यम एवं सोमप के लिए किया जाता है।[6] हेमचन्द्र ने सत्सङ्ग एवं अर्हन् के लिए धर्मशब्द का प्रयोग किया जाता है, ऐसा कहा है। मत्स्यपुराण के अनुसार देवताविशेष को धर्म कहा गया है। वह धर्म ब्रह्मा के दक्षिण वक्षस्थल से उत्पन्न हुआ।[7] धर्म की तेरह पत्नियाँ थी। दक्ष की तेरह कन्यांए हि धर्म की पत्नी बनी।[8] जिनकी निम्न संज्ञाएं हमें श्रीमद्भागवतमहापुराण में उपलब्ध होती है। श्रद्धा, मैत्री, दया, शान्ति, सुख, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, मूर्ति, तितिक्षा और ह्री इनकी सन्तति यथा क्रम उत्पन्न हुई। ऋत, प्रसाद, अभय, सुख, मुत्, गर्व, योग,

---

* शोधच्छात्र, सर्वदर्शन विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली-16

1. एक एव सुहृद्धर्मो निधनेऽप्यनुयाति यः।
   शरीरेण समं नाशं सर्वमन्यत्तु गच्छति।। हितोपदेश।।
2. अमरकोश 1/4/24
3. महाभारत 14/88/21 ''कृत्वा प्रवर्ग्यं धर्माख्यं यथावत् द्विजसत्तमाः।
   चक्रस्ते विधिवद्राजस्तथैव अभिषवं द्विजाः।।''
4. प्राणायामस्तथा ध्यानं प्रत्याहारोऽथ धारणा।
   स्मरणञ्चैव योगेऽस्मिन् पञ्च धर्माः प्रकीर्तिताः।।
5. वाचस्पत्यम् भाग1 प्र. 783 उद्धरण 10/6
6. हेमचन्द्र 6/15
7. पद्मपुराण 3/10
8. विष्णु पुराण

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

दर्प, अर्थ, स्मृति, नर एवं नारायण, क्षेम तथा प्रच्छ्रय। धर्म की पत्नियों के नाम कुछ पृथक् रूप से अन्य पुराणों में उपलब्ध होता है।

श्रद्धा लक्ष्मीर्धृतिस्तुष्टिः पुष्टिर्मेधा तथा क्रिया।
बुद्धिर्लज्जा वपुः शान्तिः सिद्धिः कीर्त्तिस्त्रयोदशी।
पत्न्यर्थं प्रतिजग्राह धर्मो दाक्षायणीः प्रभुः[1]।।

अर्थात् श्रद्धा, लक्ष्मी, धृति, तुष्टि, पुष्टि, मेधा, क्रिया, बुद्धि, लज्जा, वपु, शान्ति, सिद्धि और कीर्ति को पत्नी के रूप में धर्म स्वीकार किया। विष्णु पुराण में सभी पूर्ववत् है परन्तु सिद्धि के स्थान पर ऋद्धि शब्द से इङ्गित किया गया है। श्रद्धा काम को, श्री दर्प को, धृति नियम को, तुष्टि सन्तोष को, पुष्टि लोभ को उत्पन्न किया। मेधा श्रुत को, क्रिया दण्ड, नय एवं विनय को, बुद्धि बोध को, लज्जा, भी बोध को, और वपु विनय एवं, व्यवसाय को उत्पन्न किये। शान्ति ने क्षेम का प्रादुर्भाव किया। सिद्धि ने सुख को और कीर्ति ने यश को अपत्य के रूप में उत्पन्न किया ये सभी धर्म के पुत्र हुए। काम ने सुत को एवं नन्दी ने हर्ष को उत्पन्न किया ये धर्म के पौत्र हुए। मारकण्डेय पुराण में अधर्म के वंशजों का वर्णन किया गया है। अधर्म की पत्नी हिंसा थी उभय मिलकर असत्य रूपी यज्ञ को सम्पादित किया तदनन्तर निकृति नामक कन्या तथा नरक और भय नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। नरक की पत्नी वेदना तथा भय की पत्नी माया देदीप्यमान हुई। पञ्चमहाभूत तथा जीवों का अपहरण करने वाली मृत्यु को भय ने माया के द्वारा उत्पन्न किया तथा नरक ने वेदना द्वारा दुःख को अपत्य के रूप में प्राप्त किया। मृत्यु से व्याधि, जरा, शोक, तृष्णा एवं क्रोध का उद्भव हुआ। दुःख के अनन्तर ये सभी अधर्म स्वरूप कहे जाते है। इनकी न भार्या थी न पुत्र, ये सभी उर्ध्वरेतस हुए। वराह पुराण में धर्मोत्पत्ति की कथा हमें उपलब्ध होती है। ब्रह्मा ने प्रजाओं की सृष्टि की। उस समय सभी प्रजाओं को सुव्यवस्थित पालन हेतु श्वेतकुण्डलधारी एवं श्वेतमालाधारी धर्म को उत्पन्न किया। उस धर्म को देखकर ब्रह्मा ने कहा- आप सतयुग में चतुष्पात् के रूप में रहे।[2] त्रेता में त्रिपद द्वापर में द्विपद तथा कलियुग में एक पाद के रूप में प्रजाओं का पालन करें। यहाँ पर धर्म के चार चरण की परिकल्पना की गयी है। सम्पूर्णरूप से सतयुग में तीन चरण के रूप में त्रेता में, दो चरण के रूप में द्वापर में तथा एक चरण के रूप में कलियुग में रहते हुए जीवों की रक्षा करें यही तात्पर्य लब्ध होता है। धर्म के चार पाद गुण, द्रव्य, क्रिया और जाति को कहा गया है। तीन सींग ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद को कहा गया है। आदि और अन्त में ओंकार द्विशिर वाले ये धर्म है, सात इनके हाथ है, उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित से ये बद्ध है। इस प्रकार धर्म के स्वरूप का वर्णन किया गया है। धर्म का लक्षण पद्मोत्तर पुराण में निम्नलिखित रूप से दर्शित किया गया है-

---

1. विष्णु पुराण
2. वराहपुराण-तं दृष्टत्वोवाच भगवांश्चतुष्पात् स्यात् कृते युगे।
   त्रेतायां त्रिपदश्चासौ द्विपदो द्वापरमभवत्।।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

पात्रे दानं मतिः कृष्णे मातापित्रोश्च पूजनम्।
श्रद्धा वलिर्गवां ग्रासः षड्विधं धर्मलक्षणम्।।[1]

अर्थात् सत्पात्र को दान करना, श्रीकृष्ण में बुद्धि को लगाना, माता एवं पिता का पूजन तथा सेवन करना, श्रद्धा श्रेष्ठों के प्रति करना, गायों के लिए प्रतिदिन गोग्रास निकालना ये छः प्रकार के धर्म का लक्षण किया गया है। मत्स्यपुराण में-

अद्रोह, अलोभ, दम, जीवों पर दया, तप, ब्रह्मचर्य, सत्य, शीघ्र ही क्षमा शील होना, और धृति को, सनातन धर्म के मूल के रूप में दिग्दर्शित किया गया है।[2] कलियुग के दश हजार वर्ष के व्यतीत होने पर धर्मादि हरिपद में विलीन हो जायेंगे। धर्म के साथ शालीग्राम हरि का विग्रह, जगन्नाथ, सत्त्व, सत्य, वेद, ग्रामदेवता, व्रत और तप भी हरि के पद को प्राप्त कर लेंगे, इस प्रकार का निर्वचन ब्रह्मवैवर्तपुराण के प्रकृति खण्ड में किया गया है। धर्म के आधारस्थान का वर्णन करते हुए व्यास जी कहते हैं कि- सभी वैष्णवों में सभी संन्यासियों में, सभी ब्रह्मचारियों में, पतिव्रताओं में, प्राज्ञों में, वानप्रस्थाश्रम में निवास करने वाले जनों में धर्मशील राजाओं में सद्वैश्यों में, द्विज सेवी शूद्रों में तथा सत्संग करने वाले जनों में मैं निवास करता हूँ, ऐसा धर्म का कथन है। धर्म को विभु बताया गया है। पीपल के वृक्ष में, वटवृक्ष में, विल्व में, तुलसी में, चन्दन में, देवालय में, पुष्पों में, पूर्वोक्त की शाखाओं, तीर्थों में, सज्जनों के घर में, वेद एवं वेदाङ्ग के श्रवण करने वाले जनों में और सद्सभाओं में धर्म निवास करता है ऐसा पुराणों का वचन है। ऋषियों ने सुकेशी से किस जीव का क्या धर्म है इसको इंगित किया है।

1-देवता धर्म

क- निरन्तर यज्ञादि क्रिया सम्पादित करना।

ख- वेदाध्ययन।

ग- वेद के सारतत्त्व को जानना।

ख- विष्णु की पूजा करना

ग- स्मृतियों का स्मरण करना।

2-दैत्य

क- बलवान् होना।

ख- मात्सर्य्य।

ग- युद्ध हेतु सक्रिय होना।

घ- नीति एवं शास्त्रों की निन्दा करना।

ङ- शङ्कर की उपासना करना।

च- देवों की शक्तियों का हरण करना।

1. पाद्मोत्तरखण्ड श.क.भा. 1
2. मत्स्यपुराण- 'अद्रोहश्चाप्यलोभश्च दमो भूतदयातपः।
ब्रह्मचर्य्यं ततः सत्यमनुक्रोशः क्षमाधृतिः।।'

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

3-सिद्ध -क- प्रसन्न होना। ख- योग से युक्त होना।
ग- स्वाध्याय करना। घ- ब्रह्मविज्ञान को सम्पादित करना।

4-गान्धर्व-क-उत्कृष्ट उपासना करना। ख- नृत्य एवं वाद्यों में दक्ष होना।

5-विद्याधर-क- भवानी की भक्ति करना। ख- गान्धर्व विद्या में निपुण होना।

6-कैपुरुष-क- सभी शिल्पों में कुशलता प्राप्त करना।

7- पैतृक (गृहस्थ)क- ब्रह्मचर्य को धारण करना। ख- मानरहित होना। ग- योगाभ्यास में दृढ़ रहना कामचारिता को प्राप्त करना।

8- आर्षधर्म (ऋषिधर्म) क- ब्रह्मचर्य का पालन करना।
ख- शीत एवं उष्ण को सहन करने की क्षमता अर्जित करना।
ग- भूख एवं प्यास से रहित होना।
घ- जय करना, तत्त्वज्ञान प्राप्त करना।
ङ- नियम पूर्वक रहना।

9- मानव धर्म- क- वेदाध्ययन करना। ख- ब्रह्मचर्य का पालन करना।
ग- दान करना।
घ- यज्ञ करना।
ङ- अकार्पण्य को प्राप्त करना।
च- दया, अहिंसा एवं क्षमा आदि धर्मो से युक्त होना।
छ- जितेन्द्रिय होना, पवित्र होना, मङ्गल करना ।
ज- शङ्कर, सूर्य एवं देवी में भक्ति रखना।

स्मृतिकार ने कहा है कि- श्रुति, स्मृति, सदाचार, सम्यक् सङ्कल्प से होने वाले कर्म धर्म का मूल है। जिस देश में जो आचार परम्परा से प्राप्त होता है तथा सत्कर्म स्वरूप होता है उसे सदाचार कहते हैं।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः॥

अर्थात् इस देश में जन्म प्राप्त करके सद्पुरुषों के संसर्ग से अपने अपने चरित्र की शिक्षा सम्पूर्ण पृथिवी के मानवों के प्रति उद्भावित करें।

वाइबिल में दस आज्ञाएं बतायी गयी है जिसके अन्तर्गत [1]'तू अपने माता पिता का आदर करना।' [2]'तू खून न करना' 'तू व्यभिचार न करना' [3]'तू चोरी न करना' [4]'तू किसी के विरुद्ध' झूठी साक्षी न देना भी है। योग वाशिष्ठ के वैराग्य प्रकरण के चतुर्थ सर्ग में बाल्मीकि जी कहते हैं कि-

1. निर्गमन 20/12
2. निर्गमन 20/13
3. निर्गमन 20/15
4. निर्गमन 20/16

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

राम: पुष्पाञ्जलिव्रातैर्विकीर्णः पुरवासिभिः।
प्रविवेश गृहं श्रीमान् जयन्तो विष्टपं यथा।
प्रणनामाथ पितरं वसिष्ठं भ्रातृबान्धवान्॥
ब्राह्मणान् कुलवृद्धांश्च राघवः प्रथमागतः।
सुहृद्भिर्मातृभिश्चैव पित्रा द्विजगणेन च।
मुहुरालिङ्गिताचारो राघवो न ममौ मुदा॥
तस्मिन् गृहे दाशरथेः प्रियप्रकथनैर्मिथः।
जुघूर्णुमधुरैराशा मृदुवंशस्वनैरिव॥[1]

अर्थात् इन्द्र का पुत्र जयन्त के स्वर्ग में प्रवेश करने पर पुष्पाञ्जलि से आच्छादित देव गण जिस प्रकार स्वागत करते थे, उसी प्रकार राम ने नगरवासियों के पुष्पाञ्जलि आच्छादित स्वगृह में प्रवेश किया। राम ने सर्वप्रथम पिता को गुरुवशिष्ठ को, भाई बन्धुओं को, ब्राह्मणों को और कुलवृद्धों को प्रणाम किया। सुहृद्मित्रों से, माताओं से, पिता एवं द्विजगणों के द्वारा बार-बार आलिङ्गित होने पर अत्यन्त प्रिय भाषी रामचन्द्र जी प्रसन्नता से शरीर में फूले हुये नहीं समाते थे। उस राजगृह में राम के सुमधुर एवं प्रियभाषण से लोग दिशाओं में ऐसे भ्रमण करने लगे, जैसे मधुरवंशी के शब्दों से प्रसन्न होकर मनुष्य चारों दिशाओं में भ्रमण करने लगता है। **'जगाम पित्रानुज्ञातो महत्या सेनया वृतः'** पिता की आज्ञा लेकर ही सेना सहित आखेट के लिए जाते थे। यज्ञ की रक्षा के लिए जब विश्वामित्र दशरथ से राम को प्राप्त करने के लिए अयोध्या पहुँचते है तो दशरथ जी कहते है कि-

भगवन्नास्त्यदेयं मे त्वयि यत्प्रतिपद्यते।
कार्यस्य न विचारं त्वं कर्तुमर्हसि धर्मतः॥[2]

हे भगवन् आप जो भी मांगना चाहते है वह मेरे लिए अदेय नहीं है। आप कार्य का विचार न करें मै सब कुछ धर्म से करूँगा क्योंकि आप मेरे परम इष्ट है।

धर्म के बिना मनुष्य का जीवन जल के विना मछली जैसा हो जाता है। योगवाशिष्ठ में धर्म की अनिवार्यता को दशरथ के माध्यम से इंगित किया गया है। विश्वामित्र के क्रोध करने पर वसिष्ठ ने देखा कि दशरथ पुत्र के मोह में अपनी प्रतिज्ञा का परित्याग करना चाहते है तथा विश्वामित्र को राम को समर्पित नही करना चाहते है। पुनः वसिष्ठ जी ने कहा कि-

इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न साक्षात् द्वितीय धर्म के समान श्री मान् तीनों लोक के उत्तमगुणों से भूषित आप दशरथ जी है। तीनों लोक में प्रसिद्ध धर्म और यश से युक्त, धैर्यवान् और उत्तम बलवान् आप धर्म को छोड़ने योग्य नहीं है-

1. योगवासिष्ठ वैराग्यप्रकरण चतुर्थ सर्ग श्लो- 1-4 पृ.10
2. योगवासिष्ठ वैराग्यप्रकरण पष्ठ सर्ग श्लो-53-54पृ. 15

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इक्ष्वाकूणां कुले जातः साक्षाद्धर्म इवापरः।[1]
भवान् दशरथः श्रीमांस्त्रैलोक्यगुणभूषितः॥
धृतिमान् सुव्रतो भूत्वा न धर्मं हातुमर्हसि।
त्रिषु लोकेषु विख्यातो धर्मेण यशसा युतः॥
स्वधर्मं प्रतिपद्यस्व न धर्मं हातुमर्हसि।
मुनेस्त्रिभुवनेशस्य वचनं कर्तुमर्हसि।
करिष्यामीति संश्रुत्य तत्ते राजन्नकुर्वतः।
इष्टापूर्तं हरेद्धर्मं तस्मात् रामं विसर्जय॥

पवित्र कुरान में ब्रह्म या ईश्वर के विषय में कुछ कथन है जो निम्नलिखित है।

वास्तव में तुम्हारे रब की पकड़ बड़ी है।[2] वही है बड़ी सफलता। वास्तव में तुम्हारे रब की पकड़ बड़ी ही सख्त है। वही आरम्भ करता है और वही पुनरावृत्ति करता है, वह बड़ा क्षमाशील बहुत प्रेम करने वाला है, सिंहासन का स्वामी है, बड़ा गौरव शाली है जो चाहे उसे कर देने वाला है। अल्लाह के नाम से जो बड़ा कृपाशील, अत्यन्त दयावान् है।

तसहीब करो अपने सर्वोच्च रब के नाम की, जिसने पैदा किया, फिर ठीक ठाक किया ऐ[3] मेरी कौम के लोगों! तुम अपनी जगह कर्म करते रहो, मैं भी अपनी जगह कर्म शील हूँ ऐ[4] ईमान लाने वालों! अल्लाह का डर रखो और उनका सामीप्य प्राप्त करो और उनके मार्ग में जी तोड़ संघर्ष करो, ताकि तुम्हे सफलता प्राप्त हो।

[5]अल्लाह के नाम से जो बड़ा कृपाशील है, अत्यन्त दयावान् है।

प्रशंसा अल्लाह के लिए है, जिसने आकाशों और धरती को पैदा किया और अंधेरों और उजाले का विधान किया।

वही है जिसने तुम्हें मिट्टी से पैदा किया।

वही अल्लाह आकाशों में भी और धरती में भी। वह तुम्हारी छिपी और तुम्हारे खुली बातों को जानता है।

[6]115–पूरब और पश्चिम अल्लाह ही के है, अतः जिस ओर भी तुम रुख करो उसी ओर अल्लाह का रुख है निःसंदेह अल्लाह बड़ी समाईवाला (सर्वव्यापी) सर्वज्ञ है।

---

1. योगवासिष्ठ वैराग्य प्र. सर्ग 9 श्लो. 7-11
2. पवित्र कुरान हिन्दी अनुवाद सहित मौलाना मुहम्मद फारुक खाँ प्रकाशक मधुर सन्देश संगम नई दिल्ली पृ. 832, 834
3. पृ. 200 सूरा 6 अल अनआम पारा 8
4. पवित्रकुरान पृ. 155 सूरा 5 अल आइदा पारा 6
5. पवित्र कुरान पृ.176 सूरा 6 पारा 7
6. पवित्रकुरान पृ. 22 सूरा 2 अलब्रकरा पारा 1

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

वसिष्ठ जी श्रीराम को उपदेश देते हुए कहते है कि-

तिर्यक् पुरुषदेवादेर्यो नाम स विनश्यति।
यस्मिन्नेव प्रदेशोऽसौ तदैवेदं प्रपश्यति॥[1]

भविष्यन्ति पराम्भोधौ जगत्सर्गतरंगकाः।
तांश्च वै परिसंख्या तु सा कथैव न विद्यते॥

पशुपक्षी मनुष्य, देवता गण और प्राणियों के समूह मध्य में जो जिस देश और काल में मरण को प्राप्त होते है, वह प्रत्येक चेतन वा आत्मा उसी देशकाल में वक्ष्यमाण तीनों प्रकार के जगत को देखता है परमात्मा रूपी समुद्र में जो अनन्त जगत रूपी तरंग उत्पन्न होंगे उनकी गणना करने की तो कथा ही क्या? अर्थात् तीनों कालों में अनन्त जगत की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय का आधारभूत जो परमात्मा है उसमें जगत का अध्यारोप है।

निवार्ण प्रकरण उत्तरार्द्ध में अनेक उपाख्यान दर्शित किये गये है। जिसमें प्रथम आख्यान विद्याधर का है। विद्याधर से काकभुशुण्डि कहते है कि- 'यह संसार एक वृक्ष के समान है।' सुमेरु जैसे उत्तंग पर्वत उस वृक्ष के पत्ते है। नक्षत्र कलियाँ है। ग्रह फूल हैं। जन्म एवं मृत्यु वृक्ष की लता है। सुख दुःख फल है। अहंकार उस वृक्ष का बीज है। निरहंकार अग्नि में जब अहंकार स्वरूप बीज भस्म हो जाता है तब अहंकार की उत्पत्ति नहीं होती ।

मूर्तिकार पाषाण खण्ड द्वारा मूर्ति निर्माण करता है। जिस प्रकार वह मूर्ति कलाकार की कल्पना है उसी प्रकार शिल्पी मन विश्वमूर्ति की कल्पना करता है। भित्ति पर की चित्रकारी जिस तरह चित्रकार के कल्पना की जीवित साकार प्रतिमा है, उसी प्रकार शून्य आकाश में :वत्त ने विश्वमूर्ति कल्पित की गयी है। सुवर्ण द्वारा निर्मित आभूषण सुवर्ण से भिन्न नही है किन्तु अज्ञानी उसे सुवर्ण नाम रूप से भिन्न समझकर, उनका भिन्न नामकरण करता है। उसी प्रकार आत्मा से भिन्न विश्व नहीं है। विष्णु से वरदान प्राप्त कर प्रहलाद ने ईश्वरतत्त्व का साक्षात्कार किया।

अस्मादियमुदेत्युच्चैः संसाररचनाचला।
विचित्रतरुगुल्माद्या शैलादिव वनावली॥

सर्वेषामविभिन्नोऽसौ त्रैलोक्योदरवर्तिनाम्।
ब्रह्मादीनां तृणान्तानां चिदात्मा संप्रकाशकः॥[2]

एकोऽसावहमाद्यन्तरहितः सर्वगाकृतिः।
चराचराणां भूतानामन्तः स्वानुभवःस्थितः॥

---

1. योग वासिष्ठ मुमुक्षु व्यवहार तृ. श्लो 8
2. योग वासिष्ठ कथा, रघुनाथ सिंह पृ. 513

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

अस्य तस्य ममेमानि स्थावराणि चराणि च।
एकोऽसावनुभूत्यात्मा स्वानुभूतिवशात्स्वयम्।।

इसी चेतन परमात्मा से यह विशाल अचल संसार की रचना ऐसे उदय होती है जैसे पर्वत से चित्रविचित्र लता आदि से पूर्ण वनों की पंक्ति है। ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त जो कुछ त्रैलोक्य के उदर में विद्यमान पदार्थ है उन सबका अभिन्न रूप से प्रकाशक यही चिदात्मा है।

आदि अन्तरहित सर्वत्रगामी आकार सहित और चराचर के प्राणियों के अन्तर में अनुभव स्वरूप से स्थित यह एक परमात्मा मै ही हूँ। वेद और स्मृति प्रतिपाद्य उस परमात्मस्वरूप मेरे देश काल और वस्तु की इयत्ता से शून्य नानाप्रकार के स्थावर और जंगम शरीर है। अनुभवस्वरूप एक ही परमात्मा स्वयं सबका दृक् द्रष्टा और दृश्य रूप होने से असंख्यहस्त और नेत्र है। यही आत्मस्वरूप मैं उत्तम सूर्य का रूप धारण करता हूँ। एवं वायु के रूप में भ्रमण करता हूँ।

योगवाशिष्ठ ने केवल हिन्दुओं को अनुप्राणित नही किया है। योगवासिष्ठ का दार्शनिक सिद्धान्त और दर्शन की व्याख्या की शैली अद्भूत है। इसमें वेदान्त, सांख्य, योग, मीमांसा, कर्मकाण्ड, न्याय, आचार, धर्म के साथ-साथ बौद्धदर्शन को संस्पर्शित किया गया है। सर्वथा नूतनरीति से, विवेक पूर्ण एवं बलवती सरल भाषा के माध्यम सभी धर्मो के सारतत्त्व को दर्शित किया गया है। यह ग्रन्थ भारतीयदर्शनों, भारतीय विचारपरम्पराओं तथा सभी धर्मो के समन्वयात्मक सङ्गम का प्रतीक भूत है। मुस्लिम बादशाहों ने इस ग्रन्थ से प्रभावित होकर इसका अनुवाद फारसी में कराया। काश्मीर के सुलतान जैनुल आब्दीन ने सर्वप्रथम इसका फारसी में अनुवाद कराया। अकबर ने पुनः इसका फारसी में अनुवाद कराया था। योग वासिष्ठ योगियों, दार्शनिकों एवं सभी धार्मिकों का एक मात्र सबल है। विविध धर्म, भारतीय आचारपरम्परा, और भारतीय व्यवहार को यह ग्रन्थ सरल, सुस्पष्ट तथा तर्कशील काव्यमय भाषा में प्रस्तुत करता है। इसमें काव्य, कथानक, दर्शन और सर्वधर्म का समन्वय है। सभी धर्मों के सारतत्त्व को प्रस्तुत करने वाला यह अद्भुत ग्रन्थ है। योगवाशिष्ठ के समग्र सारतत्त्व का आलोडन करने के अनन्तर यह कहा जा सकता है कि विश्व में प्रसिद्ध धर्मों में विद्यमान मौलिकतत्त्वों का संक्षिप्त रूप योगवशिष्ठ में है। इससे प्रतीस होता है कि यह ग्रन्थ सर्वधर्मसमन्वय का पर्यायभूत है। इसके अध्ययन से वैश्वीकरण युग के सभी धर्मो का परिज्ञान सम्भावित है।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ISSN - 0974-8946
अप्रैल-जून, 2017

शोधप्रभा
वर्षः 42, द्वितीयाङ्कः

रामशास्त्री प्रणीत सीतारावणसंवादझरी : एक मर्मोद्घाटन

डॉ. वत्सला*

प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य **'सीतारावणसंवादझरी'** के विश्लेषण के उपक्रम और उपसंहार से पूर्व 'प्रहेलिका' पर संक्षेप में प्रकाश डालना अति आवश्यक है। प्रहेलिका के विवेचन से 'सीतारावणसंवादझरी' का वैशिष्ट्य व वैचित्र्य भली भाँति प्रकाशित होगा।

संस्कृत साहित्य में आनन्द निष्यन्दनी कई विधाएँ युगों-युगों से अपने ज्ञान-विज्ञान, काव्यत्व, वैचित्र्य, चमत्कार, अध्यात्म से सहृदयहृदयाह्लादक रही है। ऐसे ही वैचित्र्य, चमत्कृति और आनन्द का अजस्र स्रोत है शब्दालंकारों में अन्यतम **'चित्रालंकार'**[1] और **'चित्रालंकार'** का एक विशिष्ट प्रकार है **'प्रहेलिका'**।

'प्रहेलिका' का लक्षण प्रतिपादित करने से पूर्व **'चित्रालङ्कार'** पर सूक्ष्म प्रकाश डालना समीचीन होगा। रमणीयता और विचित्रता ही **'चित्रालङ्कार'** की जननी है। चित्रकाव्य को **'चित्रालङ्कार'** का सर्वस्व नहीं माना जा सकता है। यद्यपि चित्ररचना अभ्यासार्थी मात्र का प्रवृत्ति विषय होने से उत्तम काव्य कोटि में नहीं आता है फिर भी प्रायः सभी कवि अपनी रचना में असाधारण वैशिष्ट्य के आधान हेतु कृतयत्न होते हैं। रस आदि से भिन्न अलंकार मध्यम काव्यत्व का प्रयोजक माना गया है।[2] आचार्यों में इस चित्रालङ्कार के प्रति अनुराग नहीं होता है। फिर भी अक्षर के विन्यास की विशेषता जो विस्मय को उत्पन्न करती है वही चित्त को अपनी ओर खींचती है।[3] इसीलिये **'चित्तं राति इति चित्रम्'** अर्थात् चित्त को अपनी ओर आकर्षित करने के कारण इसे चित्रालङ्कार कहते हैं। यह व्युत्पत्ति सर्वथा उपयुक्त है। इसीलिए अवर काव्य होने पर भी चित्रकाव्य विद्वानों को अत्यन्त ईप्सित है। यही कारण है कि कवियों ने चित्रालङ्कारों से युक्त विविध

---

* संस्कृत विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झालावाड़ - 326001

1. वक्रोक्तिरनुप्रासो यमकं श्लेषस्तथा परं चित्रम्। शब्दस्यालङ्कारा.....।। वामन-काव्यालङ्कार-2/13
2. रसभावादिविषयविवक्षाविरहे सति।
   अलङ्कारनिबन्धे यः स चित्रविषयो मतः।। आनन्दवर्धन-ध्वन्यालोक-पृष्ठ संख्या 310
3. .....नीरसत्वेऽपि विदग्धानां महोत्वसः। अग्नि पुराण-343/32

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

काव्यों की रचनायें की हैं और काव्यशास्त्रियों ने अपने-अपने मन्तव्य से अपने-अपने ग्रन्थों में इसके लक्षण और भेदोपभेदों की बहुधा चर्चा की है।

1

प्रहेलिका का सामान्य लक्षण है-**'प्रहेलिका तु सा ज्ञेया वचः संवृतकारि यत्'**[1] अर्थात् जिसमें कुछ छिपाकर कहा जाय। इसका प्रख्यात नाम पहेली है जो अति प्रसिद्ध है। प्रहेलिका शब्द प्र उपसर्ग पूर्वक अभिप्राय सूचनार्थक हिल् धातु से कन् तथा टाप् प्रत्यय लगने से बना है। **''प्रहिलति अभिप्रायं सूचयतीति-प्रहेलिका''** अर्थात् कूटार्थभाषित का कथन करने वाली रचना प्रहेलिका कहलाती है। **'अमरकोषकार'** ने प्रहेलिका के लिए **'प्रवह्निका'** तथा **'प्रहेलिका'** दो शब्दों का प्रयोग किया है। लक्षणकारों ने भी इसी अर्थ की पुष्टि प्रायः की है-

व्यक्तिकृत्य कमप्यर्थ स्वरूपार्थस्य गोपनात्।
यत्र बाह्यान्तरावर्थौ कथ्येते सा प्रहेलिका।।[2]

किसी अर्थ को प्रकट करके स्वरूपार्थ का गोपन करने से जहाँ बाह्य तथा आभ्यन्तर अर्थ का कथन हो, वह प्रहेलिका है।

मित्रों में, सभा में अथवा गोष्ठी आदि में मन्त्राणा आदि के लिए दूसरों को स्पष्ट ज्ञान न होने देने की भावना से ऐसी वचनावलि का प्रयोग मानव की जन्मजात प्रवृत्ति में रहा होगा। सामाजिकता की सम्पृक्तता के साथ इस प्रवृत्ति का नामकरण हुआ और शनैः शनैः शास्त्रीय दृष्टि से इसके लक्षण निर्धारित किए गए।

शब्दाह्वय ज्योति से भुवनत्रय को ज्योतिर्मय रखने वाले शब्दालङ्कारों में प्रहेलिका नामक अलङ्कार प्रभेद वैदिक मंत्रों की गोद में पलकर उत्तरवर्ती साहित्य में पल्लवित और पुष्पित हुआ। अलङ्कार की शास्त्रीय परम्परा का सूत्रपात महर्षि भरत के **'नाट्यशास्त्र'** से हुआ है, किन्तु इसमें प्रहेलिका का नामोल्लेख नहीं है। **'भामह'** हेय-यमक के सम्बन्ध में सूचना करने के व्याज से प्रहेलिका की चर्चा करते हैं:-

नाना धात्वर्थ-गम्भीरा यमक-व्यपदेशिनी।
प्रहेलिका सा ह्युदिता रामशर्माच्युतोत्तरे।।[3]

---

1. काव्यादर्श-दण्डी-पृष्ठ संख्या-263
2. अमरकोष-मणिप्रभा हिन्दी टीका पृष्ठ संख्या - 58 के नीचे लिखित टिप्पणी से।
3. काव्यालङ्कार - भामह - 2/13

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ऐसा लक्षण भामह देते हैं, किन्तु कोई उदाहरण प्रस्तुत नहीं करते हैं। वे लिखते हैं कि रामशर्मा के अच्युतोत्तर में इसके उदाहरण हैं। अच्युतोत्तर का तात्पर्य 'विष्णुधर्मोत्तरपुराण' से माना गया है।

विष्णुधर्मोत्तरपुराण के तीसरे काण्ड के **14वें** अध्याय में **शब्दालङ्कारों** की चर्चा है। यह अध्याय मार्कण्डेय-वज्र-संवाद के रूप में अलङ्काराध्याय नाम से निर्दिष्ट है।[1] सोलहवें अध्याय में प्रहेलिकाओं का लक्षण सहित विवेचन हुआ है। पुराणकार ने प्रहेलिका के बाईस भेद तथा लक्षण दिए हैं:-

काव्ये येऽभिहिता दोषाः कैश्चित् तेभ्यः प्रहेलिकाः।
कर्तव्या तथैवान्यास्तासां वक्ष्यामि लक्षणम्॥[2]
श्लोकेनैकेन द्वाभ्यां वा कर्तव्यास्तु नरोत्तम।
न कर्तव्या ता राजन्! बहुश्लोकनिबन्धना॥[3]

इस पुराण में उपलब्ध प्रहेलिका भेद व लक्षण के आधार पर ही अग्रवर्ती आलंकारिक आचार्यों ने परिवर्तन परिवर्धन तथा संशोधन कर प्रहेलिका अलंकार का विधान किया है। आचार्य दण्डी शब्दालङ्कार सम्प्रदाय के प्रमुख समर्थक हैं। प्रहेलिका के वैविध्य पर आचार्य दण्डी का मन्तव्य उत्तम है :-

क्रीडागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैराकीर्णमन्त्रणे।
परव्यामोहने चापि सोपयोगाः प्रहेलिकाः॥[4]

2

आचार्य **'दण्डी'** ने **'काव्यादर्श'** के तृतीय परिच्छेद में 16 प्रहेलिकाओं के प्रकारों का विशद विवेचन किया है। **उद्भट** और **वामन** प्रहेलिकाओं का उल्लेख तक नहीं करते हैं। **'रुद्रट'** प्रहेलिका का लक्षण करते हुए लिखते हैं-

मात्रा बिन्दुच्यवनादन्यार्थत्वेन तच्च्युते नाम।
स्पष्टप्रच्छन्नार्था प्रहेलिकाव्याहृतार्था च॥[5]

---

1. विष्णुधर्मोत्तरपुराण - 16/1
2. विष्णुधर्मोत्तरपुराण - 16/2
3. दण्डी-काव्यादर्श - 3/97
4. रुद्रट- काव्यालङ्कार-4/25
5. अग्निपुराण-343/22

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

रुद्रट प्रहेलिका के दो भेद करते हैं:-1. स्पष्टप्रच्छन्नार्था (जिसमें प्रश्न में ही उत्तर स्पष्टत: प्रच्छन्न हो) 2. अव्याहृतार्था (जहाँ अर्थ साक्षात् कथित न हो)।

'अग्नि पुराण' का 343वां अध्याय शब्दालङ्कार है। शब्दालङ्कार के नौ भेदों में आठवाँ भेद 'चित्र' अलङ्कार है और चित्रालङ्कार के सात उपभेदों में दूसरा स्थान 'प्रहेलिका' को दिया गया है। अग्निपुराणकार के अनुसार:-

गोष्ठ्यां कुतूहलाध्यायी वाग्बन्धश्चित्तमुच्यते।
प्रश्नः प्रहेलिका गुप्तं च्युतदत्ते यथोभयम्॥
समस्या सप्त तद्भेदा नानार्थस्यानुयोगता:।[1]

सर्वप्रथम अग्निपुराण में प्रहेलिका के दो भेदों का प्रतिपादन किया गया है:-

द्वयोरप्यर्थयोर्गुह्यमानशब्दा प्रहेलिका।
सा द्विधार्थी च शाब्दी च तत्रार्थो चार्थबोधत:॥[2]

जिसमें दोनों अर्थो के वाचक शब्द गूढ़ होते हैं उसे प्रहेलिका कहा जाता है। अग्नि पुराण में प्रहेलिका को शाब्दी और आर्थी के रूप में दो भेदवाली तथा अन्य 6 उपभेदों में वर्णित किया गया है किन्तु नाम तथा उदाहरण नहीं दिए गए हैं। विष्णुधर्मोत्तर पुराण का निकटवर्ती होने से अग्निपुराण की उपभेद रूप प्रहेलिकाएँ अवश्य ही उसके 22 भेदों में छ: रही होगी।

श्री **'भोजदेव'** रचित **'सरस्वतीकण्ठाभरण'** अलङ्कारशास्त्र का प्रौढ़ ग्रन्थ है और अग्निपुराण से पूर्णतया प्रभावित है। सरस्वती कण्ठाभरणकार ने प्रहेलिका को **'बुझौवल'** कहा है। जिन भेद प्रभेदों की चर्चा अग्निपुराण में है उन्हें सर्वाधिक महत्त्व भोज ने ही दिया है किसी अग्रिम आचार्य ने नहीं। भोज ने 24 शब्दालङ्कारों का सोदाहरण विवेचन किया है। जिनमें प्रहेलिका स्वतन्त्र रूप से 18वें स्थान को प्राप्त है। भोज ने प्रहेलिका का लक्षण दण्डी से यथावत् ले लिया है।[3] जबकि इसके 6 भेद दण्डी से पूर्णत: पृथक् दिए हैं। उनमें च्युत चित्रालङ्कार के ही तीन भेद-

---

1. तत्रैव-343/25
2. प्रहेलिका सकृत्प्रश्न: साऽपि षोढा च्युतक्षरा।
   दत्ताक्षरोभयं मुष्टिर्बिन्दुमत्यर्थवत्यपि।
   क्रीडागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैराकीर्णमन्त्रणे।
   परव्यामोहने चापि सोपयोगा प्रहेलिका।। भोजदेव-सरस्वतीकण्ठाभरण-2/133-134
3. विश्वनाथ-साहित्यदर्पण-10/13

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

1. **च्युताक्षरा**, 2. **दत्ताक्षरा**, 3. **च्युतदत्ताक्षरा** है और अन्य तीन है-1. **अक्षरमुष्टि**, 2. **नामाक्षरमुष्टि**, 3. **बिन्दुमती**। च्युताक्षरा और दत्ताक्षरा का प्रयोग रामशास्त्री जी ने **'सीतारावणसंवादझरी'** में किया है।

'विश्वनाथ कविराज' ने अपने **'साहित्यदर्पण'** में प्रहेलिका और च्युताक्षरादि को चित्रालङ्कार काव्यान्तर्गडुभूत और रसपरिपन्थिनी कहा है:-

रसस्य परिपन्थित्वान्नालङ्कारः प्रहेलिका।

उक्तिवैचित्र्यमात्रं सा च्युतदत्ताक्षरादिका।।[1]

3

प्रहेलिका का आविर्भाव-तिरोभावात्मक अनुशीलन, प्रहेलिका अलङ्कार का आविर्भाव विचारों की प्रारम्भिक जटिलता की स्थिति में उन्हीं विचारों के विश्लेषण से समाधान मिल जाने पर होता है। वाच्य वाचक विशिष्टता में गोपनीय प्रवृत्ति का समावेश उपस्थित करके विशेष बोध से वाच्यांश का प्रकाशन हो जाना ही प्रहेलिका का गुण है।

ग्रन्थ व ग्रन्थकारः-

सृष्टि की सर्वोत्कृष्ट स्त्रीरत्न सीता का चरित सहस्राब्दियों से नित्य नये कलेवरोन्मेष के साथ महाकवियों के रसपरिग्रहवती प्रतिभा से उन्मीलित किया जाता रहा है। प्रस्तुत ग्रन्थ 'सीतारावणसंवादझरी' भी अखिल ब्रह्माण्ड की आदर्शभूता सीता के पातिव्रत्य का आश्रयणकर विचित्रचित्रचातुरी से चमत्कृत संस्कृत साहित्यागार का विशिष्ट अद्वितीय अलङ्करण है। संस्कृत वाङ्मय में मुक्तक काव्य प्रकार के रूप में प्रहेलिका प्रकारों च्युताक्षरा, दत्ताक्षरा एवं प्रतिदत्ताक्षरा का उल्लेख बहुत से ग्रन्थों में दिखायी देता है किन्तु प्रहेलिका की विच्छित्ति से विलसित तथा प्रहेलिका प्रकारों को लेकर इदम्प्रथमतया प्रणीत प्रबन्ध काव्य 'सीतारावणसंवादझरी' है जो कि चामराजनगर के रामशास्त्री द्वारा प्रणीत है। रामशास्त्री जी अपने चिकीर्षित ग्रन्थ के विषय एवं नाम का निर्देश करते हुए लिखा है:-

अर्थपुष्ट्यविनाभूतशब्दचित्रातिदुर्घटा।
सीतारावणसंवादझरीति ग्रथ्यते कृतिः।।

प्रहेलिका पद्धति से प्रबन्ध काव्य की व्यापकता 'सीतारावणसंवादझरी' नामक तीन कृतियों में दिखलायी पड़ती है। प्रथम कृति श्री **'रामशास्त्री'** प्रणीत **'सीतारावणसंवादझरी'** का पूर्वभाग

1. सीतारावणसंवादझरी-राजारामशुक्ल-श्लोक संख्या-02

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

है। द्वितीय कृति श्री **'सीतारामशास्त्री'** प्रणीत **'सीतारावणसंवादझरी'** का उत्तरभाग है। तृतीय कृति श्री आन्ध्रप्रदेश के **'बच्चु सुब्बाराय गुप्त'** कृत **'अभिनव सीतारावणसंवादझरी'** है। **'कालूरि हनुमन्त राव'** ने भी **'सीतारावणसंवादझरी'** नामक खण्डकाव्य की रचना 1987 (हैदराबाद) में की है लेकिन यह प्रहेलिका प्रबन्ध नहीं है।

'सीतारावणसंवादझरी' प्रहेलिका प्रबन्ध भारत के दक्षिण भाग (मैसूर, कर्नाटक) में तो उपलब्ध होता है लेकिन भारत के अन्य भागों में यह ग्रंथ अप्राप्य रहा है। संस्कृत साहित्य के इतिहास के ग्रंथों में भी इस ग्रंथ का परिचय उपलब्ध नहीं होता है। एम. कृष्णमाचारी ने अपनी पुस्तक **'हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिट्रेचर'** में श्रीकान्त शास्त्री प्रणीत **'यामिनीविनोदकथा'** का उल्लेख किया है। इस कथा के पाद टिप्पणी में यह उल्लेख किया है कि श्रीकान्त शास्त्री रामशास्त्री के भाई थे जिन्होंने **'सीतारावणसंवादझरी'** को प्रणीत किया था।[1]

4

महाकवि दामोदर प्रणीत **'हनुमन्नाटक'** में प्रयुक्त च्युताक्षरा प्रहेलिका प्रकार[2] से प्रेरणा ग्रहणकर विगत शताब्दी में मैसूर के राजसभा पण्डित श्री चामराजनगर रामशास्त्री ने समस्त सीता रावण संवाद को एक सौ प्रहेलिका पद्यों द्वारा प्रस्तुत करने का संकल्प किया परन्तु तीस वर्षो तक तदनुकूल विशिष्ट वर्णावलि के चिन्तन करते रहने पर भी ऐसे केवल पचास पद्यों की रचना में ही वे समर्थ हुए। अत: शेष भाग को पूर्ण करने हेतु विद्वानों से विनिवेदन करने के साथ प्रहेलिका चमत्कार विरहित अन्य पचास पद्यों की रचना से अपनी इस कृति को पूर्ण किया। श्री रामशास्त्री के शिष्य श्री सीतारामशास्त्री ने अपने गुरुपद के संकल्प की पूर्ति के लिए उसी प्रकार के प्रहेलिका चमत्कार सम्पन्न तथा अर्थपुष्टियुत 'सीतारावणसंवाद' से युक्त पचास पद्यों की रचना की तथा अपनी कृति को गुरुविरचित 'सीतारावणसंवादझरी' के उत्तरभाग के रूप में संयुक्त किया।[3]

---

1. एम. कृष्णामाचारी-हिस्ट्री ऑफ क्लासिकल संस्कृत लिट्रेचर-पृष्ठ संख्या-490-See 1 of Mys Sanskrit College, II 244
2. भवित्री रम्भोरु त्रिदशवदनग्लानिरधुना
स मे रामस्स्थाता न युधि पुरो लक्ष्मणसख:।
इयं यास्यत्युच्चैर्विपदमधुना वानरचम-
र्लघिष्ठेदं षष्ठाक्षरपरविलोपात्पठ पुन:।। सीतारावणसंवादझरी-रमेश चतुर्वेदी-प्रीफेस
3. यद् गूढार्थयुतान् शतं रचयितुं श्लोकान् स्वसङ्कल्पितान्
शक्तोऽप्यत्र भवान् स्वविश्राममिषादर्ध परार्थ जहौ।
युक्तं तस्य विमत्सरस्य हि परप्रोत्साहनशीलस्य तद्
धन्यास्स्यां भुवने कथं वहमिह प्राप्तावकाशो न चेत्।।- सीतारावणसंवादझरी-रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-45

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

विगत दशकों में इस ग्रंथ के दो संस्करण उपलब्ध होते हैं। प्रथम संस्करण 2002 में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से **'डा. राजाराम शुक्ल'** के सम्पादकत्व में हिन्दी व संस्कृत व्याख्या के साथ प्रकाशित हुआ है। यह संस्करण श्री चामराजनगर रामशास्त्री प्रणीत प्रहेलिका चमत्कार से पूर्ण पचास पद्यों तथा प्रहेलिका चमत्कार से मुक्त पचास पद्यों से युक्त है। श्लोक संख्या 17 से लेकर 75 तक गूढ़ उभयार्थक श्लोकों का प्रयोग कवि ने किया है। एक से 17 तथा 76 से 108 तक के श्लोक प्रहेलिका चमत्कार से रहित है।

इस ग्रंथ का दूसरा संस्करण परिमल प्रकाशन दिल्ली से 2012 में **'आचार्य रमेश चतुर्वेदी'** के सम्पादकत्व में प्रकाशित हुआ है। इस संस्करण में रमेश चतुर्वेदी ने श्री चामराजनगर रामशास्त्री एवं सीतारामशास्त्री उभय प्रणीत 'सीतारावणसंवादझरी' प्रहेलिका पद्य शती को हिन्दी व संस्कृत व्याख्या के साथ प्रस्तुत किया है किन्तु रमेश चतुर्वेदी जी ने श्री रामशास्त्री विरचित प्रहेलिका चमत्कार से युक्त 17 से लेकर 75 श्लोकों को ही अपनी पुस्तक में गृहीत किया है। श्री रामशास्त्री सृजित वर्ण चित्रात्मक प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य के विषय में **'हीरालाल शुक्ल'** का कथन है-'रामकथा' पर आश्रित काव्यों की परम्परा में 'सीतारावणसंवादझरी' की रचना बींसवी शताब्दी की काव्य प्रतिभा का विशिष्ट परिचय देती है।"[1]

5

तृतीय अभिनव 'सीतारावणसंवादझरी' की रचना भी श्री चामराजनगर रामशास्त्री के संकल्प की पूर्ति के लिए **'श्री बच्चु सुब्बाराय गुप्त'** महोदय ने की है। अपने ग्रंथ की समाप्ति पर उन्होंने ग्रंथ रचना की प्रवृत्ति के विषय में निर्दिष्ट किया है :-

पूरिता मयेदानीं प्रतिज्ञा रामशास्त्रिणः।
शतार्द्धश्लोकसंयुक्ता कृतिरियं भूयान्मुदे सताम्॥[2]

तीनों ही कृतियों में वाल्मीकि के द्वारा वर्णित सीतारावणसंवाद का प्रसंग ही प्रबन्ध का मुख्य विषय है।

प्रथम प्रहेलिका क़ाव्य के प्रणेता श्री चामराजनगर रामशास्त्री मैसूर राज्य के चामराजनगर में निवास करते हुए विशिष्ट संस्कृत विद्वानों के कुल में उत्पन्न हुए। वे मैसूर राज्य के राजसभा पंडित पद पर रहते हुए संस्कृत महाविद्यालय में साहित्य के अध्यापक थे। श्री रामशास्त्री, कविजनों के

1. आधुनिक संस्कृत साहित्य का इतिहास-डॉ. हीरालाल शुक्ल-पृष्ठ संख्या-71
2. सीतारावणसंवादझरी-रमेश चतुर्वेदी-पृष्ठ संख्या-9

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

कल्पवृक्ष प्राच्य विद्या के संरक्षक श्री कृष्णराज की राजसभा को दीर्घकाल तक सुशोभित करते हुए उनके ही शासनकाल में 'सीतारावणसंवादझरी' की रचना 20 वीं शताब्दी के आरम्भ (1905) में की थी। रामशास्त्री के पूर्वज विविध शास्त्रों में पारङ्गत थे और अपने वैदुष्य के कारण राजा के द्वारा सम्मानित भी किए गए। ग्रन्थकार के पिता का नाम वेंकटरमन था। इनके पिता वेंकटरमण की विद्वत् समुदाय में विशिष्ट प्रतिष्ठा थी। अपने कुल की कीर्ति के अनुरूप ही श्री रामशास्त्री ने इस विशिष्ट साहित्य रचना को निर्मित किया। प्रबन्ध की समाप्ति पर अपने वंश का परिचय प्रस्तुत करते हुए ग्रन्थकार ने लिखा है :-

श्रीमद्वेङ्कटशब्दपूर्वरमणाभिख्यस्य विद्वन्मणे-
स्सूनोर्वागिहचामराजनगरीरामस्य जीयादियम्।
तर्कव्याकरणादिषु क्वचिदपि प्रज्ञाविशेषाद् यशो
नैवाप्नोद्विदुषां वरस्य जगति ख्यातस्य पुत्रोऽपि यः॥
व्यर्थं हन्त स चामराजनगरी रामोऽजनिष्टाथवा।
सीतारावणसंवादझर्यवतरेत्कस्मादतस्माद् भुवि॥[1]

रामशास्त्री ने 1866 ई0 के प्रारम्भ से लेकर 1909 ई0 तक अपने प्रकाण्ड पाण्डित्य से मैसूर राज्य सभा को विभूषित किया था।

ग्रन्थ का स्वरूप और कथानक- 108 श्लोकों से युक्त 'सीतारावणसंवादझरी' नामक कृति में आदि कवि वाल्मीकि द्वारा प्रस्तुत राम का चरित्र संक्षेप में सरल पद्यों में लिखित है तथा इसका प्रमुख विवेच्य विषय 'सीतारावणसंवाद' हैं। इस काव्य में रामायण के सुन्दर काण्ड में वर्णित वैदेही पौलस्त्य के संवादों की प्रस्तुति प्रहेलिका के चमत्कार से युक्त **59** पद्यों में की गयी है। यही प्रहेलिका प्रबन्ध का हृदय (मुख्य भाग) है।

6

इस कृति में प्रबन्ध काव्यत्व लाने के लिए विद्वान रामशास्त्री ने सीतारावणसंवाद के अतिरिक्त रामायण की कथा को संवाद के पूर्व और बाद में संयुक्त किया है। च्युताक्षरादि प्रहेलिका प्रयोग के अनुकूल संवाद को लक्ष्य में रखकर कवि ने केवल संवाद भाग में ही प्रहेलिका की चमत्कृति को दर्शाया है। प्रहेलिका के अतिरिक्त प्रहेलिका के चमत्कार के बिना भी संवाद का सन्निवेश किया है। प्रबन्ध के मुख्य विवेच्य विषय सीतारावणसंवाद से पूर्व कवि ने रामायण

1. तत्रैव- पृष्ठ संख्या-21

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

सुन्दरकाण्ड की कथा को इसमें प्रकाशित किया है तथा सीता के व्यवहार के जिज्ञासु, राम द्वारा पूछे गये हनुमान के मुख से रहस्यमय चमत्कार से युक्त सीतारावणसंवाद को प्रस्तुत करके लंकाकाण्ड के बाद उत्तरकाण्ड के रामायण की कथा को संवाद के पश्चात् उदाहरण के रूप में इस ग्रंथ में संवाद के दोनों ओर संयुक्त किया है। संवाद के पहले और बाद में रामायण की कथा को बताते हुए प्रहेलिका रहित पद्यों को पूर्व व उत्तर पीठिका के रूप में ग्रन्थ में उपन्यस्त किया है।

श्री रामशास्त्री ने 108 पद्यों में प्रस्तुत प्रहेलिका प्रबन्ध में शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी, पृथिवी, मन्दाक्रान्ता, मंजुभाषिणी, स्रग्धरा, रथोद्धता, मालिनी, प्रहर्षिणी, हारिणी, अनुष्टुप्, उपजाति आदि बारह छन्दों का प्रयोग किया है। शास्त्री जी ने इस ग्रंथ में सर्वाधिक प्रयोग शार्दूलविक्रीडित छन्द का किया है। इस छन्द का प्रयोग 55 पद्यों में है। ग्रंथ की पर्यायलोचना से ज्ञात होता है कि शार्दूलविक्रीडित के पश्चात् शास्त्रीजी का अतिशय अनुराग शिखरिणी छन्द से रहा है। इस प्रबन्ध के 26 पद्यों में इस छन्द के दर्शन होते हैं। सोलह अक्षरों वाले पृथिवी वृत्त का प्रयोग सात बार किया है। मन्दाक्रान्ता वृत्त का प्रयोग चार पद्यों में दिखायी देता है। प्रहेलिका युक्त पौलस्त्य वैदेही संवाद में तथा प्रहेलिका विरहित पूर्व व उत्तर पीठिका के रूप में राम चरित्र वर्णन के उभयत्र प्रयुक्त 13 अक्षरों वाले मंजुहारिणी छन्द के प्रयोग से कवि के छन्द प्रयोग की कुशलता (विज्ञता) ज्ञात होती है। अनुष्टुप् छन्द का प्रयोग पाँच श्लोकों में किया गया है। 21 अक्षरों वाले स्त्रग्धरा छन्द से ग्रन्थारम्भ किया है। यह छन्द दो बार और प्रयुक्त किया गया है। रथोद्धता, मालिनी, प्रहर्षिणी, हारिणी इन चार छन्दों का प्रयोग एक बार हुआ है तथा उपजाति छन्द का प्रयोग भी केवल एक बार दिखायी देता है।

सीतारावणसंवाद के पद्यों का वैशिष्ट्य- कविवर श्री रामशास्त्री ने प्रहेलिकामय सीतारावणसंवाद की प्रस्तुति के प्रसंग में एक विशिष्ट चमत्कार का सन्निवेश किया है जो अन्यत्र प्रहेलिका साहित्य में अप्राप्य है। चमत्काराधान हेतु कवि ने विशिष्ट शब्द योजना की है। रावण द्वारा कथित शब्दावली में प्रयुक्त वर्ण विशेष के लोप के कारण या वर्ण विशेष की स्थापना के कारण अथवा वर्ण विशेष के स्थान पर दूसरे वर्ण के प्रयोग से उन शब्दावलियों का विपरीत अर्थ उत्पन्न हो जाता है। इसके पश्चात् उन शब्दावलियों से सीता के अभिप्रेत राम की प्रशंसा और रावण की निन्दा रावण के वाक्य से ही प्रतिपादित हो जाती है। च्युताक्षरादि प्रहेलिका के चमत्कार से युक्त जिन पद्यों को कविवर रामशास्त्री ने इस प्रबन्ध में प्रस्तुत किया है उनमें से नौ पद्यों में सीता के प्रतिवचनों से ही वर्ण विलोप स्पष्ट निर्दिष्ट है। पचास पद्यों में सीता के प्रतिवचनों की श्लिष्टता दिखायी पड़ती है। इन पचास पद्यों में स्थित (विद्यमान) सीता के प्रत्युत्तर से सामान्यतया रावण के

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

तिरस्कार रूप अर्थ ही ज्ञात होता है परन्तु प्रहेलिका प्रसंग के परिचयानुसार सीता के इन प्रतिवचनों से वर्ण लोप आदि विषयक निर्देश रूप अर्थ भी दिखायी देता है। इन प्रहेलिका के चमत्कारमय पद्यों से ही इस प्रबन्ध काव्य की महनीयता (रसपरिपाक) प्रदर्शित होती है। रामशास्त्री ने जिन प्रहेलिका प्रकारों से ग्रंथ की निर्मिती की है उनके नाम है:- 1. च्यावितांक्षर चित्र 2. अधिदत्ताक्षर चित्र 3. प्रतिदत्ताक्षर चित्र।

7

च्यावितांक्षरा के प्रयोग में वैविध्य - कविवर ने प्रहेलिका प्रबन्ध में सर्वाधिक प्रयोग च्युताक्षरा का किया है। सीतारावणसंवादझरी के संवादात्मक पद्यों में रावण के वचन में जानकी के प्रतिवचन को काव्य रूप में प्रतिपादन करने वाले कविवर रामशास्त्री ने, जिन पचास पद्यों को छिपे हुए अर्थों से युक्त जानकी के प्रतिवचनों से समन्वित कर प्रस्तुत किया है उसमें से 22 श्लोक च्युताक्षर प्रहेलिका के चमत्कार को प्रदर्शित करते हैं तथा अन्यत्र स्पष्ट वर्ण विलोप व संकेतमय नौ पद्यों में भी च्युताक्षरा प्रहेलिका का चमत्कार दिखता है। इस प्रकार 31 च्युताक्षरा नामक लक्षण वाले पद्य इस काव्य में चमत्कार को प्रदर्शित करने वाले दीखते हैं । इन पद्यों में से एक पद्य स्वरच्युति चमत्कार और एक पद्य अनुस्वार च्युति चमत्कार से युक्त है और दूसरी जगह व्यञ्जन च्युति चमत्कार ही दिखायी देता है।

च्यावितांक्षर का लक्षण:-

कस्मिंश्चिच्च्याविते वर्णे यत्रार्थोऽन्यः प्रतीयते।
चित्रं तदेव विज्ञेयं च्यावितांक्षरनामकम्॥[1]

किसी वर्ण के च्युत किए जाने पर (किसी वर्ण के हटाने से) जहाँ अन्य अर्थ की प्रतीति होती है उसको च्यावितांक्षर नामक चित्रालङ्कार जानना चाहिए।

च्यावितांक्षर का उदाहरण:- वर्ण चित्र रचना के निपुण रामशास्त्री ने व्यञ्जन च्युति चमत्कार को अनेक बार निरूपित किया है परन्तु स्वर विलोप के विच्छित्ति (चमत्कार) को एक बार प्रस्तुत किया है। कविवर ने स्वरच्युति चमत्कार से युक्त रावण सीता की उक्ति-प्रत्युक्ति को निम्न पद्य में दर्शाया है:-

'आरामस्मृतिजायमानपुलकस्त्वामत्र रूद्ध्वाऽस्म्यहम्।
सीतेऽस्म्यादरवानतीव समरारम्भे खरध्वंसिना॥

1. सीतारावणसंवादझरी-राजाराम शुक्ल- पृष्ण संख्या-18

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

आशान्तप्रथितप्रतापविसरः किञ्चास्मि रक्षोऽधम।
प्रागाकारपिधानमेव ननु ते व्याख्याति सर्वान्गुणान्।।[1]

सीता के निर्देशानुसार रावण के द्वारा उक्त विशेषण के प्रारम्भ में स्थित 'आ' वर्ण के लोप करने पर पदावली इस प्रकार हो जाती है:-

हे सीते! अहं अत्र त्वां रूद्ध्वा रामस्मृतिजायमान पुलकोऽस्मि, खरध्वंसिना समरारम्भेऽतीवा दरवानास्मि, किञ्च शान्तप्रथितप्रतापप्रसरोऽस्मि।'

रावण ने सीता से स्वप्रशंसा करते हुए कहा हे सीते! यहाँ इस अशोक वाटिका में तुझे लाने के बाद मैं इस अशोक वाटिका को लीलाविहारस्थली के रूप में अनुभव करते हुए पुलकित हो रहा हूँ। मेरे भाई खर का वध करने वाले राम के साथ युद्ध प्रारम्भ करने के लिए मैं अत्यन्त उद्यत हूँ और मैं दिगन्तों में व्याप्त प्रताप वाला हूँ।

सीता ने उत्तर दिया- हे राक्षसाधम! तेरे द्वारा मेरे हरण के समय अपने आकार को छुपाने के लिए जो यतिवेश धारण किया गया था। उस व्यवहार से तेरी वीरता आदि सब गुणों का परिचय मिल जाता है। इस श्लेष से युक्त सीता के वचन में निगूढ़ अर्थ विद्यमान है। हे राक्षसाधम! तुम्हारे इस वाक्य में अपने विशेषण के रूप में उक्त पदों के आरम्भ में जो 'आ' वर्ण है उसके लोप करने पर समस्त पद तुम्हारे वास्तविक गुण को प्रकट करते हैं। इस निगूढ़ अर्थमय सीता के प्रति वचन का अनुसरण करके रावण के द्वारा कहे गये अपने गुणों को प्रकट करने वाले वाक्य इस प्रकार परिवर्तित होते जाते हैं-

हे सीते! इस अशोक वाटिका में तुझे रोककर मैं राम के पराक्रम की स्मृति करके रोमाञ्चित हो जाता हूँ अर्थात् मेरे इस अपराध का दण्ड देने के लिए राम मेरा वध निश्चित ही करेगा, यह सोचकर मैं बहुत घबड़ा रहा हूँ। मेरे प्रतापी भाई खर का वध करने वाले, उस राम के साथ युद्ध करने के विषय में मैं अत्यधिक डरा हुआ हूँ तथा मेरा प्रसिद्ध प्रताप सब नष्ट हो गया है।

विशेषार्थ का आधार- प्रागाकारपिधानमेव

प्रतिदत्ताक्षरा के प्रयोग में वैविध्य- श्री रामशास्त्री ने प्रतिदत्ताक्षरा नामक प्रहेलिका प्रकार का प्रस्तुत प्रबन्ध काव्य में प्रचुर प्रयोग करते हुए उसकी विविध विच्छित्ति को प्रकाशित किया है।

1. तत्रैव-श्लोक संख्या-39

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

इस प्रबन्ध काव्य के 24 पद्यों में प्रतिदत्ताक्षरा के चमत्कार को उन्मीलित किया गया है। राम की निन्दा करने वाले और आत्मप्रशंसापरक रावण के वचनों को सुनकर सीता उसके विपरीत अभिप्राय वाले रावण के द्वारा कहे गये पद्यों के समूह में से किसी वर्ण विशेष के प्रति अपनी अरूचि को प्रकट करती हुई उस वर्ण विशेष को हटाकर उसके स्थान पर किसी दूसरे वर्ण को स्थापित करने के लिए छिपे हुए अभिप्राय को प्रदर्शित करती है। उसके प्रतिवचन के स्पष्ट अर्थ तो रावण तिरस्कार रूप तथा वर्ण प्रतिदान संकेत रूप अर्थ छिपा हुआ दिखायी देता है। सीता के निगूढ़ संकेत के अनुसार रावण के वचन से वर्ण विशेष के हटाने पर उस वर्ण के स्थान पर सीता निर्दिष्ट वर्ण स्थापित करने पर राम निन्दा के स्थान पर राम प्रशंसा ज्ञात होती है उसी प्रकार रावण प्रशंसा के स्थान पर उसकी निन्दा ज्ञात होती है। इस प्रकार विपरीत अर्थ प्रतिपादन रूप चमत्कार वर्ण प्रतिदान रखने से ज्ञात होता है। महाकवि ने 22 बार व्यञ्जन प्रतिदान चमत्कार तथा दो बार स्वर परिवर्तन चमत्कार को दर्शाया है। कविवर ने व्यञ्जन प्रतिदान चमत्कार से युक्त सीता रावण की उक्ति-प्रत्युक्ति को निम्न पद्य में दर्शाया है।

प्रतिदत्ताक्षर का लक्षण :-

च्यावितस्यास्पदेऽन्येन प्रतिदत्तेन केनचित्।
प्रतीयतेऽन्यो यत्रार्थः प्रतिदत्ताक्षरं हि तत्॥[1]

च्युत किए गए (हटाए गए) अक्षर के स्थान पर किसी अन्य के द्वारा दिए अक्षर से जहाँ अन्य अर्थ की प्रतीति होती है उसको प्रतिदत्ताक्षर नामक चित्रालङ्कार जानना चाहिए।

प्रतिदत्ताक्षरा का उदाहरण :-

लाभात्ते परमामवैमि नियतं सीते ममेमां दशां,
तस्मादेव शुभश्रियो मम गृहे पूर्णीभवन्त्यन्वहम्।
लङ्काश्रीस्सकला त्वया ननु मदालम्बादियं पाल्यतां,
पञ्चत्वं समुपागतं वचनतस्ते वेद्मि रक्षोऽधम॥[2]

सीता के निर्देश का अनुसरण करके रावण द्वारा कही गयी पदावली इस प्रकार हो जाती है-

हे सीते! ते लाभात् मम इमां दशां नियतं चरमाम् अवैमि, तस्मादेव मम गृहे शुभश्रियः अन्वहम् चूर्णीभवन्ति। मदालम्बात् इयं सकला लङ्काश्रीः त्वया ननु चाल्यताम्।

---

1. सीतारावणसंवादझरी-राजाराम शुक्ल-पृष्ठ संख्या-20
1. तत्रैव-श्लोक संख्या-30

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

रावण ने सीता से कहा-हे सीते! तेरी प्राप्ति होने के कारण मैं अपनी जन्म पत्रिका के अनुसार वर्तमान काल में भोगी जाने वाली ग्रहदशा को निश्चित रूप में परमदशा (स्त्री रत्नादि प्राप्ति कारिणी सर्वोत्कृष्ट गृह दशा) मानता हूँ। तेरी प्राप्ति के कारण एवं परमदशा प्राप्ति के कारण ही वर्तमान में मेरे घर में शुभ सम्पत्तियाँ प्रतिदिन पूर्ण हो रही है अर्थात् समग्रता को प्राप्त कर रही है। मुझे प्राप्त करके निश्चित ही तेरे द्वारा यह सम्पूर्ण लङ्काश्री पालित होनी चाहिए।

सीता ने उत्तर दिया-हे अधम राक्षस! तेरे इन वचनों से मुझे ज्ञात होता है कि तेरा पञ्चत्व काल (मृत्युकाल) निकट आ गया है। सीता की इस प्रत्युक्ति का निगूढ़ार्थ है कि तेरी उक्ति में 'प' को 'च' का रूप प्राप्त करता हुआ जानती हूँ अर्थात् तेरी उक्ति में आये 'पकार' के स्थान पर 'चकार' का प्रयोग कर सीता के निर्देशानुसार पकार के स्थान पर चकार का प्रयोग करने पर परिवर्तित स्वरूपा पदावली निम्न अर्थ का बोध कराती है:-

हे सीते! तुझे प्राप्त करने (हरण करने) के कारण मैं अब अपनी जन्मपत्री के अनुसार वर्तमान दशा को चरम (अंतिम) भोग्य दशा मानता हूँ अर्थात् मेरी मारक दशा चल रही है ऐसा जानता हूँ। इसी कारण मेरे घर में प्रतिदिन शुभ श्री (निधियाँ) चूर्ण (नष्ट) हो रही हैं क्योंकि मैं दुष्ट व्यक्ति इस लंका का अधीश हूँ, इसलिए तेरे द्वारा यह लंका श्री (लंका नगरी की सम्पत्ति) निश्चित रूप से चालित (अपसारित, विलीन) की जानी चाहिए अर्थात् मुझ दुष्ट द्वारा अधिशासित इस लंका नगरी की सम्पत्ति का विनाश अवश्यंभावी है।

विशेषार्थ का आधारपञ्चत्वं समुपागतम्।

अधिदत्ताक्षरा के प्रयोग में वैविध्य:- श्री रामशास्त्री ने अधिदत्ताक्षरा नामक प्रहेलिका प्रकार का चमत्कार चार पद्यों (26, 34, 40, 62) में दर्शाया है। इन श्लोकों में राम निन्दा में रत रावण के वचनों का विपरीत अर्थ उत्पन्न करने के लिए सीता द्वारा प्र, सम तथा नि तीन उपसर्गों को रावण के द्वारा कहे गये वर्ण समूह में प्रयुक्त करके उसी वचन विन्यास के द्वारा राम की स्तुति और रावण के दुष्कर्म को सूचित करते हुए कविवर ने प्रकाशित किया है।

अधिदत्ताक्षर का लक्षण :-

कस्मिंश्चिदधिके वर्णे दत्तेऽर्थो यत्र भिद्यते।
अधिदत्ताक्षरं नाम चित्रं तदिति बुद्धयताम्॥[1]

---

1. सीतारावणसंवादझरी-राजाराम शुक्ल-श्लोक संख्या-31

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

किसी वर्ण के अधिक होने पर जहाँ दिया हुआ अर्थ भिन्न प्रतीत होता है उसको अधिदत्ताक्षर नामक चित्रालङ्कार जानना चाहिए।

अधिदत्ताक्षरा का उदाहरण :-

आशार्हाखिलसम्पदर्यभिमुखव्यक्तीभवत्पौरुष-
स्सीतेऽहं वनवारिजावमतिभृद्वक्त्रावलिस्सङ्गरे।
न श्रूये किमशोचितस्वजनतापर्यावृत त्वया।
रे मूर्खोऽसि यथोदिताखिलगुणः प्रागेव नीच श्रुतः॥[1]

सीता द्वारा छिपे हुए निर्देश का अनुसरण करके रावण के द्वारा उक्त पदावली इस प्रकार परिवर्तित हो जाती है:-

हे सीते! अहं नाशार्हखिलसम्पत्, नार्यभिमुखीभवत्पौरुषः, सगरे नवनवारिजावमतिभृद्वक्त्रावलिः नाशोचितस्वजनतापर्यावृतः च किं त्वया न श्रूये?

रावण ने सीता से कहा-हे सीते! क्या तूने नहीं सुना है कि मैं आशार्ह हूँ, (अखिल सम्पत्तियों से युक्त हूँ) शत्रुओं के सम्मुख पौरुष को प्रकट करने वाला हूँ, युद्ध में मेरे दश मुख वनोत्पन्न कमलों को अपनी कान्ति से तिरस्कृत करते हैं तथा मैं सर्वकष्टविहीन अपनी जनता से परिवेष्टित हूँ। रावण की इस आत्मश्लाघा के अनन्तर सीता ने उत्तर दिया-रे मूर्ख नीच! मैं पूर्व में ही तेरे ये सब गुण सुन चुकी हूँ। सीता द्वारा रावण के लिये प्रयुक्त 'नीच' पद रावण कथन का विशेषण बनकर निगूढ़ार्थ (छिपे हुए अर्थ) का बोध कराता है-'प्रागेव नीच का अभिप्राय है कि सभी त्वदुक्त स्वविशेषण पदों के प्रारम्भ में न वर्ण के योग वाले तेरे गुणों को मैंने सुना है। सीता के इस गूढ़ निर्देश के अनुसार रावणोक्त स्वविशेषण पदों के प्रारम्भ में 'न' वर्ण का योग करने पर अर्थ ज्ञात होता है कि हे सीते! क्या तूने नहीं सुना है कि मैं विनाश योग्य सम्पत्ति वाला हूँ, मैं नारियों के ही समक्ष अपना पराक्रम दिखाता हूँ, युद्ध में मेरे दसों मुख नयी-नयी शत्रुकृत अवमानना को धारण करते हैं तथा मैं नाशोचित (नष्ट करने योग्य) अपनी जनता से परिष्वेटित हूँ।

विशेषार्थ के ऊहन का आधरः- नी च[2]

इस प्रकार ज्ञात होता है कि कविवर रामशास्त्री जी ने प्रहेलिका प्रकारों में से च्युताक्षरा चित्र का प्रयोग 31 श्लोकों में, प्रतिदत्ताक्षर चित्र का प्रयोग 24 श्लोकों में तथा अधिदत्ताक्षर चित्र का

1. तत्रैव-श्लोक संख्या-52
2. अकारान्त न शब्द से मत्वर्थीय इनि प्रत्यय करने पर नी इस रूप की सिद्धि होती है जिसका अर्थ होता है नकार वाला।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रयोग चार श्लोकों में किया है। कविवर से पूर्व किसी महाकवि ने प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य का प्रणयन नहीं किया है। अतः कविवर प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य के जनक (जन्मदाता) है।

उपर्युक्त विवेचन से निष्कर्ष निकलता है कि **'सीतारावणसंवादझरी'** प्रहेलिका पद्यों के चतुर्थ पाद में सीता प्रत्युक्ति विशिष्ट वर्णयोजनावती है। इस वर्ण योजना द्वारा आपाततः रावणोक्ति का प्रत्याख्यान एवं रावण का तिरस्कार मात्र बोधित होता है किन्तु प्रहेलिका विज्ञ सीता प्रत्युक्ति के विश्लेषण से वर्णलोप, वर्ण स्थापन एवं वर्ण परिवर्तन विषयक निगूढ़ निर्देश के अनुसार वर्णलोपादि कर रावणोक्ति का पुनः विवेचन करते हैं तो राम-प्रशंसात्मक तथा रावण-निन्दात्मक सीता के अभिप्रेत अर्थ को पहचान कर आषाद विशेष का अनुभव करते हैं।

कविवर रामशास्त्री जी ने अपनी अपूर्व, अद्‌भुत, प्रखर-मेध-शक्ति से अपूर्व अनुपम प्रहेलिका प्रबन्धकाव्य की रचना की है। समग्रकाव्य अद्‌भुत-चमत्कार-वैचित्र्य से परिपूर्ण है। कवि की शब्द शय्या, अर्थ का गुम्फन, रसपरिपाक तथा संवादशैली विचित्रचित्रचातुरी से संश्लिष्ट है। समस्त श्लेषमय निगूढ़ अर्थ से सीता! की ओजस्विता व तेजस्विता प्रकट होती है। अपनी वचनावलियों से वैदेही ने सर्वत्र रावण की गर्हणा की है।

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत वाङ्मय में भी **'प्रहेलिका शतकम्'** इस संज्ञा से काव्य प्रणीत किए गए हैं। प्रथम **'प्रहेलिका शतकम्'** 1991 में **'रामाशीष पाण्डेय'** द्वारा विरचित है, जिसका प्रकाशन **'प्रबोध संस्कृत प्रकाशन'**, हरम् हाउसिंग कॉलोनी राँची से हुआ है। द्वितीय 'प्रहेलिका शतकम्' 1963 में **'वैद्यरामस्वरूप शास्त्री'** द्वारा प्रणीत है, जिसका प्रकाशन, **'बाल संस्कृत प्रकाशन'**, आगरा रोड, घाटकोपर, मुम्बई से हुआ है। इस प्रकार प्रहेलिका काव्य की परम्परा अक्षुण्ण बनी हुई है। जिस प्रकार लोक में तीन अग्नियाँ, तीन वेद, तीन देव, तीन देवियाँ और तीन गुण है उसी प्रकार तीन प्रहेलिका प्रबन्ध है।

यद्यपि साहित्यदर्पणकार आदि अनेक आचार्यो ने नीरस होने के कारण प्रहेलिका में काव्यत्व नहीं स्वीकार किया है। किन्तु प्रहेलिका काव्यों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है- यहाँ तक कि वेदों के मन्त्रों में भी प्रहेलिका का यत्र तत्र अवलोकन किया जा सकता है। अतः **'चमत्कारकारित्वं काव्यत्वम्'** की दृष्टि से चमत्कार युक्त होने के कारण प्रहेलिका में काव्यत्व अवश्य स्वीकार्य है। लोक में भी प्रहेलिका (पहेली) से परस्पर लोगों में चमत्कारानुभूति होती है। वस्तुतः प्रहेलिका काव्य में हास्यरस मूलक अन्यान्य रसों का सन्निवेश किया जाता है, इसलिये प्रहेलिका काव्य सर्वथा नीरस होते हैं- यह कथन (युक्तिसंगत) नहीं है। प्रस्तुत **'सीतारावणसंवादझरी'** प्रहेलिकात्मक काव्य सहृदयजनों के लिए अत्यन्त आनन्दजनक और चमत्काराधयक है- अतः इसका काव्यत्व सहृदयजनों द्वारा समवेत रूप से स्वीकार किया गया है।

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

ISSN - 0974-8946
अप्रैल-जून, 2017

शोधप्रभा
वर्षः 42, द्वितीयाङ्कः

नाट्य-अर्थप्रकृतिनिरूपण
[भाग - 1]

डॉ. मुकेश कुमार मिश्र*

नाटकीय इतिवृत्त और नायकादि के सम्यक् विकास के लिए, रस के परिपाक एवं परिष्कार के लिए, अनावश्यक कथा-विस्तार का परिहार कर नाट्यवृत्त-विस्तार की गति को सुसंचालित करने के लिए, कथा-उपकथा-कथांशादि के मध्य तारतम्य स्थापित कर घटनाओं के शृङ्खलाबद्ध सुसंयोजन के लिए नाट्यचिन्तकों ने अर्थप्रकृति, कार्यावस्था, सन्धि व सन्ध्यङ्गादि नाट्यशास्त्रीय तत्त्वों की योजना की है। नाट्यफल अर्थात् नाट्य के मुख्य साध्य की प्राप्ति के उपायों को व्यक्त करने के लिए नाट्य-रचनाप्रक्रिया में अवस्थानुरूप अर्थप्रकृति का विधान व विनियोजन किया जाता है। अवस्थानुरूप अर्थप्रकृतियों से समन्वित व संयोजित इतिवृत्त क्रमिक विकास की प्रक्रिया के द्वारा चरम लक्ष्य नाट्यफल को प्रकाशित करता है।

नाट्यशास्त्रीय इतिहास में अर्थप्रकृति का शास्त्रीय-निरूपण आचार्य भरत से आरम्भ होता है, किन्तु भरत के विचार को पूर्णता प्रदान करने का श्रेय अभिनवगुप्त को प्राप्त है। अतः यहाँ अर्थप्रकृतिविषयक भरत के विचारों को जानने के लिए भरत के साथ-साथ अभिनवगुप्त के विचारों को जानना आवश्यक है। बीजादि पञ्च अर्थप्रकृतियों की योजना नाट्य में नियमानुसार किये जाने का निर्देश नाट्यशास्त्रकार ने दिया है।[1] इस प्रसंग की व्याख्या करते हुए अभिनवभारतीकार कहते हैं[2] कि यहाँ अर्थ प्रकृति से तात्पर्य उपायसामग्री से है। अभिनवगुप्त कहते हैं कि आधिकारिक इतिवृत्त को अलंकृत करने के लिए पाँच अवस्थाओं के साथ-साथ पाँच अर्थप्रकृतियाँ भी होती हैं। अवस्था एवं अर्थप्रकृति के बिना उपायादि के स्वरूप का ज्ञान सम्भव नहीं है तथा प्रारम्भादि अवस्थाओं का परमार्थतः ज्ञान न होने पर आधिकारिक इतिवृत्त का पूर्णज्ञान असम्भव है। अभिनव गुप्त के अनुसार यहाँ अर्थ अर्थात् प्रयोजन फल है तथा प्रकृति उपाय का बोधक है। अतः अर्थ-प्रकृति का अर्थ है अर्थ अर्थात् फल का उपाय या फल की प्राप्ति का उपाय अथवा फल की प्राप्ति के हेतु। इस प्रकार अभिनवगुप्त ने प्रकृति के समानार्थी के रूप में उपाय एवं हेतु दोनों ही शब्दावलियों का प्रयोग किया है। आचार्य के अनुसार फल के हेतु या उपाय अथवा अर्थप्रकृति यहाँ जड़ और चेतनरूप दो प्रकार के होते हैं। जड़ उपाय भी दो प्रकार के होते हैं-

१. मुख्य कारणभूत अर्थात् बीज और २. गूढ़तर अर्थात् कार्य।

इसी तरह चेतन उपाय भी दो प्रकार के होते हैं-

---

* देशबन्धु महाविद्यालय, (दिल्ली विश्वविद्यालय) कालकाजी, नई दिल्ली

1. इतिवृत्ते ...... योज्या यथाविधि। - नाट्यशास्त्र, १९/२०-२१.
2. नाट्यशास्त्र-अभिनवभारती, १९/२०-२१ पर, पृ. २५-२७.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

१. मुख्य और २. उपकरणभूत।


यहाँ उपकरणभूत चेतन तीन प्रकार के होते हैं–

१. स्वार्थसिद्धि से युक्त अर्थात् बिन्दु

२. स्वार्थसिद्धि सहित परार्थसिद्धि से युक्त अर्थात् पताका और

३. शुद्ध अर्थात् प्रकरी

इसे एक तालिका द्वारा इस प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है–



अभिनव का कहना है कि भरत की दृष्टि में इन्हीं पाँच उपायों से पूर्ण फल निष्पन्न होता है। इन अर्थप्रकृतियों की योजना यथाविधि समझकर की जाती है। इनमें नाममात्र से वस्तु संकीर्तन रूप उद्देशक्रम के समान नियमानुसार उपनिबन्धन में भी क्रम की अपेक्षा की जाती है। शास्त्रीय मर्यादा के अनुरूप अभिनवभारतीकार अर्थप्रकृतिविषयक कुछ अन्य आचार्यों के मत को प्रकट करते हैं, जिनका कहना है कि यहाँ अर्थप्रकृति शब्द समस्त रूपकों के वाच्यार्थ की प्रकृति अर्थात् प्रकरण, अवयव या खण्डार्थ को व्यक्त करता है। किन्तु अभिनव के मत में यह अर्थ स्वीकार्य नहीं है क्योंकि ऐसी स्थिति में सन्धि आदि अर्थप्रकृतियाँ हो जाएँगी जिससे सन्धि और अर्थप्रकृतियों का स्वतन्त्र स्वरूप अस्पष्ट हो जाएगा। चूँकि इतिवृत्त समुदाय रूप होता है अर्थात् सन्धियों का समुदाय इतिवृत्त है। इस दृष्टि से अर्थ अर्थात् इतिवृत्त में प्रकृतियाँ इस कथन में अर्थ पद का ग्रहण अतिरिक्त हो जाएगा। इस प्रकार अवस्थाओं के साथ समानता का वर्णन इतिवृत्त का वर्णनमात्र होगा। अतः यहाँ अन्य आचार्यों का विचार प्रकृत के प्रतिकूल दिखाई पड़ता है।

अर्थप्रकृति की उपस्थिति के विषय में तीन प्रकार की शंकाओं का उल्लेख करते हुए अभिनव नाट्यशास्त्रकार के कथन एवं अपने विश्लेषण द्वारा समाधान प्रस्तुत करते हैं। तीन प्रकार की शंकाएं क्रमशः इस प्रकार हैं[1]–

1. नाट्यशास्त्र-अभिनवभारती, १९/२७ की भूमिका के रूप में, पृ.३५.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

१. कार्यावस्थाओं के समान क्या सभी अर्थप्रकृतियों का सर्वत्र रहना सम्भव है?

२. क्या सन्ध्यावस्था के साथ अर्थप्रकृतियों का यथसंख्य रहने का नियम है?

३. क्या अपने आप में अर्थप्रकृतियों का कर्ता के आधार पर क्रम है?

इन तीन शंकाओं का निराकरण अभिनवगुप्त भरत के कथन से करते हैं। भरत का विचार है[1] कि पाँच अर्थप्रकृतियों की गौण-प्रधानभाव से विद्यमानता होती है अर्थात् अर्थप्रकृतियों में जिनका जिनके साथ अधिक प्रयोजन सिद्ध होता है अथवा उचित सम्बन्ध सिद्ध होता है, उसका उसके साथ गौण प्रधान भाव रहता है अर्थात् जिसका जिसके लिए गुण इष्ट होता है, वह प्रधान होता है और अन्य गौण होता है।[2] यहाँ अभिनव गुप्त का कहना है कि प्रारम्भादि अवस्थाओं के समान सभी अर्थप्रकृतियों का सर्वत्र रहना सम्भव नहीं है किन्तु जिस नायक का जिस अर्थप्रकृति-विशेष के साथ अधिक प्रयोजन सिद्ध होता है उसे प्रधान कहा जाता है तथा अन्य अर्थप्रकृति गौण और असत्कल्प कहलाता है। अभिनव की दृष्टि में रूपक में सर्वत्र बीज, बिन्दु और कार्य की विद्यमानता रहती है किन्तु पताका और प्रकरी आवश्यकतानुसार विविक्षित होती हैं यथा अपने पराक्रम से अधिक सम्मान प्राप्त करने वाले को पताकानायक एवं प्रकरी नायक विवक्षित होता है। अभिनव का विचार है कि बीज, बिन्दु और कार्य में भी नाटकादि के प्रधान तत्त्व अर्थात् फल की प्राप्ति के लिए उचित सम्बन्ध में भी गुणप्रधानभाव की विद्यमानता देखी जाती है। आचार्य कहते हैं कि किसी गुण विशेष उपकार को शीघ्र कहने की स्थिति में उसी को पाँच अर्थप्रकृतियों में से किसी एक अर्थप्रकृति के रूप में विशेष प्रधानता प्रदान करते हुए निबन्धन करने और अन्य को गुणभाव से निबन्धन करने की बात को ही यहाँ भरत ने स्वीकार किया है।

परवर्ती प्रायः सभी नाट्याचार्यों ने अर्थप्रकृतिविषयक भरत के मत को ही स्वीकार करते हुए उसका निरूपण किया है। दशरूपककार आचार्य धनञ्जय ने अर्थप्रकृति के स्वरूप की चर्चा नहीं की है किन्तु उनके टीकाकार धनिक ने अर्थप्रकृति का स्वरूप निर्धारित करते हुए उसे प्रयोजन अथवा फल की सिद्धि का उपाय बतलाया है।[3] स्पष्ट है कि अवलोककार की व्याख्या अपने ही समकालिक अभिनवभारतीकार के अनुरूप है।


भावप्रकाशनकार शारदातनय[4] भी अर्थप्रकृति को कथाभेद का हेतुरूप स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार यह कथाशरीर का हेतु है। उनकी दृष्टि में पाँच अर्थप्रकृतियों में बीज साधनरूप तथा कार्य साध्यरूप होता है, अतः बीज को सर्वप्रथम कहने एवं कार्य को सबसे अन्त में कहने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह बीज तथा कार्य के मध्य में कथावस्तु की अविच्छिन्नता को बनाये रखने वाली बिन्दु की योजना करने की बात यहाँ कही गई है। साथ ही उनके अनुसार पताका और

1. नाट्यशास्त्र, १९/२७.
2. नाट्यशास्त्र- अभिनवभारती, १९/२७ पर।
3. अर्थप्रकृतयः=प्रयोजनसिद्धिहेतवः। -दशरूपक - अवलोक, १/१८ पर।
4. बीजं बिन्दुः पताका ..... पताकाप्रकरीर्न्यसेत्। - भावप्रकाशन, सप्तम अधिकार, पृ. २९७.

CC-0. Lal Bahadur Shastri University, Delhi. Digitized by Sarvagya Sharada Peetham

प्रकरी का प्रयोग आवश्यकतानुसार किया जाता है। शारदातनय का विचार भरत और अभिनवभारतीकार के विचारों से प्रभावित एवं उन्हीं के समान है।

नाट्यदर्पणकार रामचन्द्र-गुणचन्द्र का अर्थप्रकृति-स्वरूप विवेचन पूर्णत: नाट्यशास्त्र एवं अभिनवभारती पर अवलम्बित है। उन्होंने[1] भी अर्थप्रकृति में अर्थ का आशय फल और प्रकृति का अर्थ उपाय अथवा हेतु लिया है। वे अर्थप्रकृति को उपाय शब्द से ही अभिहित करते हैं। अङ्कनिरूपण के उपरान्त नाट्यदर्पणकार उपाय की चर्चा करते हैं। वे चेतन और अचेतनात्मक फल के पाँच हेतुओं अथवा उपायों का प्रयोग स्वरुचि के अनुसार करने का निर्देश देते हैं। उनके अनुसार फल अर्थात् नाटक के मुख्य साध्य के हेतु उपाय कहलाते हैं। ये हेतु या उपाय दो प्रकार के होते हैं- एक अचेतन और दूसरा चेतन। यहाँ मुख्य तथा अमुख्य भेद से अचेतन हेतु भी दो प्रकार की होती है। मुख्य अचेतन हेतु बीज कहलाती है क्योंकि अन्य सब उसके आश्रित होते हैं। अमुख्य अचेतन हेतु कार्य है। आचार्य के अनुसार चेतन हेतु भी मुख्य और उपकरणभूत भेद से दो प्रकार की होती है। मुख्य चेतनहेतु कार्यानुसन्धान रूप होने से बिन्दु कहलाती है। उपकरणभूत चेतनहेतु दो प्रकार की होती है- एक स्वार्थसिद्धियुक्त होने के साथ परार्थसिद्धिपर और दूसरा केवल परार्थसिद्धि में तत्पर। इनमें से स्वार्थसिद्धियुक्त होने के साथ परार्थसिद्धिपर चेतन साधन पताका है और केवल परार्थसिद्धिपर चेतन साधन प्रकरी कहलाता है। इन चेतन-अचेतन साधनों और उपायों में क्रमश: बीज और बिन्दु की सर्वत्र व्यापकता होने से नाटक की आख्यान वस्तु में इनकी प्रमुखता है। नाट्यर्पणकार द्वारा निरूपित उपाय के भेदोपभेद अधोलिखित तालिका में निबद्ध हैं-



